दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



रणवीर ने शुरू की प्रलय की शूटिंग



पंजाबी फिल्मों से शुरू हुआ फिल्मी सफर

वर्ष : 12 | अंक : 234 | लखनऊ, 18 अगस्त, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### कावेरी: सुप्रीम कोर्ट में अगले हफ्ते सुनवाई



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी जल बंटवारे को लेकर हुए विवाद पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद करने का फैसला किया है। अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस मामले पर ताजा आंकड़ों के साथ स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। याचिका में तमिलनाडु सरकार और डीएमके ने सुप्रीम कोर्ट से कर्नाटक द्वारा तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी तुरंत छोड़ने का निर्देश देने की मांग की गई है।

### चमोली सुरंग हादसा: दो लापता, तलाश जारी



चमोली। पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टेल रेस टनल में 13 अगस्त को हुए भूस्खलन में मृतकों की संख्या आठ हो गई है, जबकि 12 घायल हैं। टनल में अभी भी दो लापता कर्मचारियों की तलाश के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और सेना का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उधर, टीएचडीसी द्वारा मृतकों के परिजनों को केवल 5-5 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा से कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। श्रमिकों ने प्रदर्शन किया।

### आईएसआई समर्थित शहजाद भट्टी के नेटवर्क पर देशभर में बड़ी कार्रवाई

# 14 राज्यों के 250 से ज्यादा संदिग्ध हुए गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

सुरक्षा एजेंसियों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले देशभर में आईएसआई समर्थित शहजाद भट्टी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है। इस आतंकी नेटवर्क से जुड़े 250 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी है। स्वतंत्रता दिवस से पहले शुरु हई कार्रवाई में सुरक्षा एजेंसियों ने आईएसआई समर्थित आतंकी नेटवर्क शहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। देश के 14 राज्यों में में चलाए गए अभियान में 250 से ज्यादा संदिग्ध और शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सामने आई जानकारी के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों ने 14 राज्यों में अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की है। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी है।

**पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री के निशान वाले ग्रेनेड, पिस्तौल, जिंदा कारतूस मिले**

**सर्वाधिक उत्तर प्रदेश से हुई गिरफ्तारियां, अभियान जारी**

### आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो-टॉलरेंस नीति



केंद्रीय मंत्री शाह ने दी जानकारी



शहजाद भट्टी

गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को लेकर कहा- मोदी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई समर्थित आतंकी गुट शहजाद भट्टी नेटवर्क को खत्म कर दिया और 200 से ज्यादा सदस्यों को गिरफ्तार करके उसके खतरनाक हमलों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। भारतीय सुरक्षा बलों ने 14 राज्यों में अलग-अलग जगहों पर एक साथ ऑपरेशन चलाकर इस नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया, जो आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो-टॉलरेंस नीति का एक बेहतरीन उदाहरण है। आईएसआई से फंड पाने वाले इस गुट के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया, जिसमें आईईडी, पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री के निशान वाले ग्रेनेड, पिस्तौल, जिंदा कारतूस और जासूसी के लिए इस्तेमाल होने वाले सीसीटीवी कैमरे शामिल थे। यह नेटवर्क कई आतंकी गतिविधियों में शामिल था।

### हिंसा फैलाने की साजिश में शामिल था भट्टी

शहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी मात्रा में आईईडी, हथियार, जिंदा कारतूस और ग्रेनेड बरामद किए हैं। बरामद किए गए कुछ ग्रेनेड पर पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री की मार्किंग भी मिली है। नेटवर्क से जुड़े लोगों के पास से पिस्टल, कारतूस और जासूसी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे सीसीटीवी कैमरे भी मिले। एजेंसियों के मुताबिक, यह नेटवर्क आतंकी गतिविधियों और देश में हिंसा फैलाने की साजिशों में शामिल था। एजेंसियों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले आतंकी साजिशों को नाकाम किया। बता दें कि जुलाई में महाराष्ट्र एटीएस ने शहजाद भट्टी के संपर्क में आए 102 लोगों से पूछताछ की थी।

### कहां कितनी कितनी हुई गिरफ्तारियां

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 62 | कर्नाटक | 3 |
| हरियाण | 52 | गुजरात | 3 |
| दिल्ली | 51 | बिहार | 3 |
| पंजाब | 44 | तेलंगाना | 2 |
| राजस्थान | 15 | हिमाचल प्रदेश | 2 |
| महाराष्ट्र | 8 | जम्मू-कश्मीर | 2 |
| उत्तराखंड | 5 | केरल | 2 |

### शहजाद भट्टी नेटवर्क

शहजाद भट्टी नेटवर्क पाकिस्तान स्थित और आईएसआई द्वारा समर्थित आतंकी सिंडिकेट बताया गया है. यह नेटवर्क ग्रेनेड, आईईडी और पेट्रोल बम हमलों के साथ टारगेटेड किलिंग जैसी कई आतंकी गतिविधियों में शामिल था। नेटवर्क स्थानीय सहयोगियों को पैसे देकर पुलिस, डिफेंस और धार्मिक स्थलों की रेकी करवाता था। जासूसी के लिए सीसीटीवी कैमरों का भी इस्तेमाल किया जाता था।

### अब तक हुई कार्रवाई

- दिल्ली और कर्नाटक में नई एफआईआर: कार्रवाई के दौरान दिल्ली और कर्नाटक में नई एफआईआर भी दर्ज की गई हैं।
- अब तक 80 से ज्यादा एफआईआर: शहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ देशभर में अब तक 80 से अधिक एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं।
- 250 से ज्यादा गिरफ्तारियां: इस नेटवर्क के मामले में अब तक 250 से ज्यादा गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।
- कई गंभीर धाराओं में केस: आरोपियों के खिलाफ यूएपीए, बीएनएस, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।
- पाकिस्तान कनेक्शन के सबूत: बरामद कुछ ग्रेनेड पर पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की मार्किंग मिली है, जो नेटवर्क के सीमा-पार कनेक्शन की जांच में अहम सबूत माना जा रहा है।
- सुरक्षा एजेंसियों की नजर: 15 अगस्त के आसपास एसबीएन से जुड़े संदिग्धों और उनके स्थानीय नेटवर्क पर सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी है।

### भारत-नेपाल सैन्य रिश्ते होंगे मजबूत

# आर्मी चीफ धीरज सेठ को मिली नेपाली सेना की 'मानद रैंक'



नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रदान किया रैंक

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ को सोमवार को नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नेपाली सेना के मानद जनरल की रैंक से सम्मानित किया। शीतल निवास में आयोजित अलंकरण समारोह में उन्हें यह मानद रैंक प्रदान की गई। जनरल सेठ रविवार को चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नेपाल पहुंचे थे। वह अपने नेपाली समकक्ष जनरल अशोक राज सिग्देल के निमंत्रण पर नेपाल गए हैं। जनरल सेठ ने सोमवार को नेपाली सेना मुख्यालय में जनरल सिग्देल से भी मुलाकात की। दोनों सैन्य प्रमुखों ने आपसी हित के मुद्दों और द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। भारतीय दूतावास ने कहा कि भारतीय सेना प्रमुख की नेपाल यात्रा दोनों देशों के बीच साझा मूल्यों, आपसी विश्वास और लंबे समय से चले आ रहे सेना-सेना संबंधों पर आधारित अद्वितीय और समय की कसौटी पर खरे उतरेरक्षा संबंधों की पुष्टि करती है। जनरल सेठ ने भारतीय दूतावास में राजदूत नवीन श्रीवास्तव से भी मुलाकात की। दोनों ने नई दिल्ली और काठमांडू के बीच व्यापक संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। जनरल सेठ ने सोमवार को नेपाली सेना को कुछ सैन्य और चिकित्सा उपकरण भी सौंपे।

### मानद रैंक देने की परंपरा

राष्ट्रपति पौडेल के सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, समारोह में नेपाल के उपराष्ट्रपति रामसहाय प्रसाद यादव, विदेश मंत्री शिशिर खनाल, नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव और नेपाली सेना तथा नेपाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मानद जनरल की रैंक देने की यह परंपरा 1950 में शुरू हुई थी। इसके तहत नेपाल और भारत एक-दूसरे के सेना प्रमुखों को मानद जनरल की रैंक प्रदान करते हैं।

**डांग का जन्म 1998 में चंडीगढ़ में हुआ था**

# दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूके में पहले सिख फाइटर पायलट बने अर्शदीप

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारतीय मूल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्शदीप सिंह डांग ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) में फाइटर पायलट के रूप में प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) पूरा करने वाले पहले सिख बन गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आरएएफ ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है, जब किसी सिख ने फाइटर स्क्वाड्रन से पायलट की विंग्स हासिल की हैं। अर्शदीप सिंह डांग (28) ने शुक्रवार 14 अगस्त को उत्तर वेल्स के आरएएफ वैली में फाइटर जेट पायलट ट्रेनिंग पूरी करने के समारोह में हिस्सा लिया। आरएएफ ने बताया कि अर्शदीप सिंह डांग ब्रिटेन की सैन्य पायलट ट्रेनिंग के तहत चौथे उड़ान प्रशिक्षण स्कूल में टेक्सन विमान उड़ाने की ट्रेनिंग पूरी करने वाले पहले सिख हैं। हालांकि, उनसे पहले भी सिख लोग शुरुआती पायलट ट्रेनिंग पूरी कर चुके हैं।



डांग का जन्म 1998 में चंडीगढ़ में हुआ था। जब वह छह साल के थे, तब वह अपने परिवार के साथ ब्रिटेन चले गए। उनके पिता जगदीप सिंह डांग लुधियाना के रहने वाले हैं, जबकि उनकी मां गगनदीप कौर अमृतसर की रहने वाली हैं। उनका परिवार इंग्लैंड के साउथॉल में रहता है। डांग ने बताया कि उनके दादा सरदार संतोष सिंह डांग का सपना था कि उनका बेटा पायलट बने। लेकिन जब उनके पिता छह साल के थे, तब दादा की मौत हो गई। उन्होंने कहा, मेरे दादा सरदार संतोष सिंह डांग का सपना था कि मेरे पिता पायलट बनें।

लेकिन जब उनके पिता छह साल के थे, तब दादा की मौत हो गई। उन्होंने कहा, मेरे दादा सरदार संतोष सिंह डांग का सपना था कि मेरे पिता पायलट बनें। लेकिन जब मेरे पिता सिर्फ छह साल के थे, तब मेरे दादा की मौत हो गई। इसलिए मेरे पिता के पास अपना सपना पूरा करने के लिए जरूरी मौके और साधन नहीं थे।

मेरे माता-पिता ने मुझे प्रोत्साहित किया और मुझे विश्वास होने लगा कि मैं पायलट बन सकता हूं और ऐसा हो गया। डांग ने ब्रिस्टल विश्वविद्यालय से गणित और दर्शनशास्त्र की पढ़ाई की।

### दो से तीन साल में पूरा होगा काम

# बैसारन घाटी में आतंकी हमला हुआ था, अब बन रही सड़क

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पहलगाम की बैसारन घाटी अपनी सुंदरता के लिए दुनियाभर में फेमस है। यहां 2025 में आतंकी हमला भी हुआ था, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। एक बार फिर इस घाटी से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। बैसारन इलाके, जिसे अक्सर इस क्षेत्र का मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है को नया रूप दिया जा रहा है। इस खूबसूरत टूरिस्ट स्पॉट तक पहुंचने के लिए अब एक मोटर-योग्य सड़क बनाई जा रही है। 6.09 करोड़ की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना की आधारशिला पहलगाम के विधायक अल्ताफ अहमद वानी ने रखी। बैसारन



पहलगाम से लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित है; नई सड़क इसे सर्किट रोड से जोड़ेगी। इस परियोजना को नाबार्ड की फंडिंग से सड़क और भवन विभाग, पहलगाम द्वारा पूरा किया जाएगा। अधिकारियों का अनुमान है कि काम पूरा होने में दो से तीन साल लगेंगे। अभी, पर्यटकों को इस घास के मैदान तक पहुंचने के लिए या तो ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर लगभग 4 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है या टट्टू लेने पड़ते हैं।

**परियोजना के लिए 400 करोड़ रुपए का कैटेलिटिक फंड निर्धारित**

# विझिंजम पोर्ट से खुलेगा केरल के वैश्विक व्यापार का नया द्वार

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

केरल का विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह, जो कि भारत का पहला गहरे पानी का कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट है, आज मंगलवार से एक नए दौर में प्रवेश करने जा रहा है। बंदरगाह पर पूर्ण स्तर के निर्यात-आयात (इग्जिम) संचालन औपचारिक रूप से शुरू होंगे, जिसे केरल की अर्थव्यवस्था और राज्य को एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स तथा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री वीडी. सतीशन सुबह 10:45 बजे पहले निर्यात कंटेनर को रवाना करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल मुख्य



फाइल फोटो

अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अब तक मुख्य रूप से ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में विकसित किए गए विझिंजम पोर्ट का यह बदलाव उसे एक पूर्ण वाणिज्यिक व्यापार द्वार में बदल देगा इस योजना के तहत व्यापक विझिंजम मैरीटाइम इकोनॉमिक रीजन विकसित किया जाएगा, जिसमें 8 औद्योगिक क्लस्टर, 3 नए शहर और केरल की 600 किलोमीटर लंबी तटीय रेखा को आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में जोड़ा जाएगा। परियोजना के लिए 400 करोड़ का कैटेलिटिक फंड निर्धारित है। यह राशि बंदरगाह एवं कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स विकास, औद्योगिक क्लस्टर, नए शहरों के विकास, कार्यक्रम प्रबंधन और क्षमता निर्माण से जुड़ी 14 उप-योजनाओं पर खर्च की जाएगी।

### उग्रवाद और आतंकवाद के खिलाफ दिखाएंगे शौर्य

# मलक्का स्ट्रेट के पास भारत-थाईलैंड का 'मैत्री' अभ्यास शुरू

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारत और थाईलैंड की सेनाओं के बीच बहुप्रतीक्षित संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री' का 15वां संस्करण आज यानी 18 से 31 अगस्त तक थाईलैंड के सूरतथानी स्थित विभावादी रंगसिट कैंप में आयोजित किया जा रहा है। इस युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए 85 जांबाज जवानों वाली भारतीय सेना की एक टुकड़ी सोमवार को थाईलैंड के लिए रवाना हुई। रणनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माने जाने वाले मलक्का जलडमरूमध्य के समीप आयोजित हो रहा यह अभ्यास भारत और थाईलैंड के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करने का एक बड़ा मंच है।

**पिछले साल मेघालय में हुआ था अभ्यास, इससे अभ्यास करने वाली सेनाओं का काफी मनोबल बढ़ा**

**संयुक्त अभियानों के दौरान बेहतर तालमेल, आपसी समझ और अंतर-संचालनशीलता में वृद्धि होगी**

### 9 गोरखा राइफल्स के सैनिक कर रहे अभ्यास



सेना की टुकड़ी

वर्ष 2006 से शुरू हुए इस वार्षिक सैन्य अभ्यास के 15वें संस्करण में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से 9 गोरखा राइफल्स के सैनिक कर रहे हैं, जबकि रॉयल थाई आर्मी की ओर से 5वीं डिवीजन की 25वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड की तीसरी बटालियन के 85 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस अभ्यास का पिछला संस्करण मेघालय के उमरोई में आयोजित किया गया था। यह पूरा प्रशिक्षण संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जंगल और अर्ध-शहरी इलाकों में उग्रवाद तथा आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त अभियानों को अंजाम देने में दोनों देशों की क्षमताओं को बढ़ाना है। 14 दिनों तक चलने वाले इस कंपनी-स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान दोनों सेनाएं फील्ड एक्सरसाइज, युद्ध रणनीतियों पर गहन चर्चा, व्याख्यान और आधुनिक सैन्य उपकरणों व प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेंगी। इसके अलावा, दोनों टुकड़ियां अपने-अपने ऑपरेशन्स के अनुभवों को साझा करेंगी, जिससे संयुक्त अभियानों के दौरान बेहतर तालमेल, आपसी समझ और अंतर-संचालनशीलता में वृद्धि होगी।

### दोनों तरफ 85-85 जवान

भारतीय सेना और रॉयल थाई सेना की टुकड़ियों में 85-85 जवान शामिल हैं। बयान में कहा गया, भारतीय सेना की टुकड़ी में मुख्य रूप से 9 गोरखा राइफल्स के जवान शामिल हैं, जबकि रॉयल थाई सेना की टुकड़ी में 5वीं डिवीजन की 25वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड की तीसरी बटालियन के जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस अभ्यास में कंपनी स्तर का संयुक्त प्रशिक्षण शामिल होगा, जो जंगल और अर्ध-शहरी इलाकों में अभियानों पर केंद्रित होगा। बयान में कहा गया, यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय-7 के तहत जंगल और अर्ध-शहरी इलाकों में संयुक्त रूप से उग्रवाद/आतंकवाद रोधी अभियान चलाने संबंधी क्षमताओं को बढ़ाएगा।

### 20 से 25 अगस्त में आ सकते हैं भारत

# अब भारत का दौरा कर सकते हैं बांग्लादेशी पीएम तारिक रहमान

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान 20 से 25 अगस्त के बीच भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा कर सकते हैं। हालांकि तारिक रहमान के भारत दौरे की तारीख को लेकर ढाका और नई दिल्ली अभी भी बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, राजनयिक सूत्रों ने बताया है कि इस प्रस्तावित यात्रा पर विचार किया जा रहा है क्योंकि दोनों पक्ष द्विपक्षीय बैठक करने के इच्छुक रहे हैं। हालांकि अब तक समय तय करने में दिक्कतें आ रही थीं। नई दिल्ली में एक राजनयिक सूत्र का कहना है दोनों पक्ष द्विपक्षीय



तारिक रहमान

यात्रा के लिए इच्छुक रहे हैं, लेकिन समय तय करना एक मुद्दा था। अलग-अलग समय-सारणी पर विचार करने के बाद, दोनों देशों के शीर्ष अधिकारी 20 से 25 अगस्त के बीच की तारीखों पर सहमत होने के करीब पहुंच गए हैं।

## संक्षेप

### उज्जैन की तर्ज पर चांदी की पालकी में महादेव ने किया नगर भ्रमण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सावन के तीसरे सोमवार पर चौक कोतवाली स्थित कोतवालेश्वर मंदिर से महादेव चांदी की पालकी में नगर भ्रमण यात्रा पर निकलें। मंदिर से कोतवालेश्वर बाबा को चांदी पालकी में बैठाया गया। उसके बाद बाबा जी की आरती मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने की। मंदिर से निकलते ही गॉड ऑफ ऑनर प्रशासन द्वारा दिया गया। प्रशासन से आये होमगार्ड बैण्ड बजा कर बाबा को प्रस्थान कराया। नगर भ्रमण यात्रा श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर खुनखुन जी रोड़ कोनेश्वर मंदिर पहुंचेगी जहां विराजमान विष्णु जी से हरि से हर का अद्भुत मिलन होगा। तत्पश्चात यात्रा कोणेश्वर चौराहा घूमकर चौक चौराहा कंचन मार्केट चरक चौराहा कमला नेहरू मार्ग होते हुए बैंड बाजे के साथ मंदिर में पुनः वापस आने पर भव्य आतिशबाजी के बाद यात्रा संपन्न हुई।

### 18 आईएएस अधिकारियों के तबादले

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 18 आईएएस अधिकारियों के तबादले करते हुए उन्हें विभिन्न जिलों में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर नई तैनाती दी है। ये अधिकारी अब तक अलग-अलग जिलों में सहायक मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात थे। तबादला आदेश के अनुसार आदित्य श्रीवास्तव को मुरादाबाद से शाहजहांपुर, मोनिका को फतेहपुर से बस्ती, शौर्य अरोड़ा को उन्नाव से बदायूं, कुनाल रस्तोगी को बिजनौर से गोरखपुर, अयान जैन को गाजियाबाद से आजमगढ़ और शिवम कुमार को आगरा से महराजगंज का संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है। अनिमेष वर्मा को प्रयागराज से देवरिया, अंशुल हिंडोल को मिजार्पुर से सुल्तानपुर, शुभांशु कटियार को अलीगढ़ से जौनपुर, विनोद कुमार मीना को सहारनपुर से औरैया, अर्पित कुमार को कन्नौज से प्रयागराज और रिम आनंद को सुल्तानपुर से कानपुर देहात भेजा गया है।

# भतोइया में आस्था का उत्सव, शिवलिंग स्थापना पर निकली भव्य यात्रा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के भतोइया गांव में सोमवार शाम सैकड़ों वर्ष पुराने गावा देवी मंदिर परिसर से शिवलिंग स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, भक्ति गीतों और भगवान शिव के जयकारों के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

शोभायात्रा में महिलाओं और बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की। पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर चल रहीं महिलाएं और बालिकाएं यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहीं। श्रद्धालु हर-हर महादेव और भगवान शिव के जयकारे लगाते



शोभा यात्रा में सिर पर कलश रखे महिलाएं

हुए आगे बढ़ते रहे। गांव के विभिन्न मार्गों से होकर शोभायात्रा करीब आधा किलोमीटर की दूरी तय करते हुए गांव के बाहर स्थित महादेव मंदिर पहुंची।

महादेव मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान ग्रामीणों ने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति तथा गांव की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शिवलिंग की स्थापना की गई। शिवलिंग स्थापना के समय मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

आयोजन में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। शिवलिंग स्थापना के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर भगवान शिव से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर दिनेश कुमार, संतोष, सर्वेश, शिवबरन, रंजीत, अमर सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते पूरे गांव का वातावरण देर शाम तक भक्तिमय बना रहा।

# संदिग्ध हालत में रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक युवक का शव संदिग्ध हालत में रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिला।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इसे शुरूआती जांच में आत्महत्या का मामला बता रही है। पुलिस के मुताबिक फतेहपुर जिले के खागा थाना अंतर्गत सलेमपुर निवासी रवि कुमार पुत्र धनीराम (25) पिछले काफी दिनों से बिजनौर के सरवन नगर स्थित झुग्गी झोपड़ी में अपनी बहन गीता और हमीरपुर निवासी बहनोई सुरेंद्र वर्मा के साथ रहकर मजदूरी करता था। रविवार सुबह सुरेंद्र और रवि अलग-अलग मजदूरी करने चले गए। शाम करीब 5 बजे उनकी झोपड़ी से करीब 500 मीटर दूर जंगल में एक पाकड़ के पेड़ से रस्सी के सहारे एक युवक का शव लटका देख उधर से गुजर रहे राहगीरों ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान करने के लिए आसपास के लोगों को बुलाया। इसी दौरान गीता भी वहां पहुंची और उसने उसकी पहचान अपने भाई रवि के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है



कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक अविवाहित होने के साथ शराब का आदी था और फांसी लगाकर आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है।फिलहाल फील्ड यूनिट द्वारा मौके की जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दियागया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व मामले की जांच के बाद ही उसकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

# सौतेली नाबालिग बेटी के साथ पिता करता था दुष्कर्म, पुलिस ने गिरफ्तार करके भेजा जेल

**डरा धमका कर करता था दुष्कर्म, और किसी को बताने में जान से मारने की देता था धमकी**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने नाबालिग से मारपीट करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में पीड़िता की मां ने 14 अगस्त को सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने तहरीर में बताया कि जब वह किसी काम से घर के बाहर चली जाती तो उसका पति अपनी 14 वर्षीय सौतेली बेटी को डरा धमका कर घर में उसके साथ दुष्कर्म करता था। यह घटना उसने किशोरी के साथ कई बार अंजाम दी। इस दौरान आरोपी ने किशोरी के विरोध करने और किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जिसकी वजह से किशोरी चुप रहती थी। महिला का कहना है कि गुरुवार रात सभी लोग कमरे में सो रहे थे। तभी आरोपी ने किशोरी के साथ गलत हरकत करनी शुरू कर दी। लेकिन किशोरी ने शोर मचा दिया। इस पर उसकी मां की नींद खुल गई। तब किशोरी ने अपनी मां को आरोपी की सारी हरकत बताई। जानकारी होने के बाद किशोरी की मां ने आरोपी से नाराजगी जाहिर की तो आग बबूला हुआ आरोपी उसके साथ मारपीट पर उतारू हो गया। इसके बाद किशोरी की माँ ने शुक्रवार को सरोजनीनगर थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शनिवार को आरोपी रामबाबू रावत (35) को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ वर्ष 2022 में भी सरोजनीनगर थाने में मारपीट और गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज है।

# दंगल और आल्हा के बीच धूमधाम से मना नागपंचमी पर्व

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। त्रिलोकपुर गांव में सोमवार को नागपंचमी का पर्व पारंपरिक उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया इस मौके पर आयोजित दंगल प्रतियोगिता और आल्हा गायन कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में पहुंचकर पहलवानों के दांव-पेंच और आल्हा गायन का आनंद लिया कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान कन्हैया लाल यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को नागपंचमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सांसद आरके चौधरी, पूर्व विधायक अम्बरीष पुष्कर, 175 कैंट विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अमरपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष श्रवण यादव, नवनीत सिंह, पूर्व प्रधान ज्ञानेंद्र सिंह, अनिल सिंह, अखिलेश यादव, महेंद्र सिंह यादव, महेंद्र यादव और कोमल कांत यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे दंगल प्रतियोगिता में स्थानीय व आसपास के क्षेत्रों से आए पहलवानों ने दमखम



दिखाया विभिन्न मुकाबलों में करन, अभिषेक, रोहित, संजय और राहुल समेत गांव के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की विजेताओं को अतिथियों ने सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर कैंट विधानसभा प्रत्याशी अमरपाल सिंह ने कहा कि गांवों में होने वाले ऐसे पारंपरिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने के साथ युवाओं को खेलों से जोड़ने का भी माध्यम उन्होंने कहा कि दंगल जैसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं और समाज में आपसी सौहार्द को मजबूत करती ग्राम प्रधान कन्हैया लाल यादव ने कहा कि ऐसे पारंपरिक आयोजन ग्रामीण संस्कृति, खेल भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते कार्यक्रम के दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

# हाई वोल्टेज विद्युत करंट की चपेट में आकर महिला झुलसी, इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह घर की दूसरी मंजिल की छत पर धुले कपड़े सूखने के लिए डालने गई एक 35 वर्षीय महिला हाई वोल्टेज विद्युत करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। आनन फानन लोगों ने गहरु पावर हाउस पर सूचना देकर विद्युत सप्लाई ठप कराई। बाद में उसे वहां से नीचे उतारकर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई। सरोजनीनगर के जयराजपुरी कॉलोनी निवासी संदीप रावत अपनी पत्नी मीरा (35) और छोटे भाई प्रदीप रावत के साथ रहकर घरों में वाई फाई लगाने का काम करता है। संदीप रविवार सुबह घर में सो रहा था और प्रदीप शनिवार को महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन चला गया था। इस दौरान रविवार सुबह करीब 9 बजे मीरा कपड़े धुलकर अपने मकान की दूसरी मंजिल की छत पर सूखने के लिए डालने गई थी। तभी उसका दुपट्टा मकान की छत पर बनी ईंटों की रेलिंग के बगल से गुजर रही 11000 वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। जिससे मीरा करंट की चपेट में आकर मकान के छज्जे पर जा गिरी और उसका बांया पैर सीधे तार के ऊपर चला गया। विद्युत तार के संपर्क में आते ही मीरा धू धू कर जलने लगी। आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया। बाद में आनन-फानन इसकी सूचना गहरु विद्युत पावर हाउस को दी गई। तब विद्युत सप्लाई ठप हुई। लेकिन तब तक महिला बुरी तरह जलकर झुलस चुकी थी। गंभीर हालत में आनन-फानन उसे नीचे उतारकर एंबुलेंस से सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे सिविल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शाम को अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

# 2017 के पहले सपाई हड़प लेते थे गरीबों का राशन कार्ड

## अब 15 करोड़ लोगों को लगातार मिल रहा नि:शुल्क राशन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले गरीबों के राशन कार्ड तक हड़प लिए जाते थे। गरीब भूख से मरता था, लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से प्रदेश के करीब 15 करोड़ लोगों को लगातार निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। निराश्रितों और दिव्यांगजनों तक राशन पहुंचाने की भी व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोकभवन में उचित दर विक्रेताओं के लिए सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने बटन दबाकर प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि का शुभारंभ किया। अब कोटेदारों को 90 रुपये के स्थान पर 125 रुपये प्रति कुंतल

- **कोटेदारों का लाभांश 90 से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल**



लाभांश मिलेगा। योगी ने कहा कि लाभांश में 35 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि हुई है। इसमें 10 रुपये केंद्र और 25 रुपये राज्य सरकार की ओर से बढ़ाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कोटेदारों के लाभांश में 25 रुपये और बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उचित दर विक्रेता सरकार और जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु हैं। वर्ष 2017 से पहले राशन वितरण व्यवस्था में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार राशन नहीं भेजती थी, लेकिन उसकी नाराजगी और बदनामी कोटेदारों को झेलनी पड़ती थी। लोगों की निगाह में कोटेदारों की छवि खराब हो गई थी, जबकि गलती उनकी नहीं थी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि वर्ष 2017 में जनता दर्शन में आने वाले एक हजार प्रार्थना पत्रों में करीब 300 शिकायतें राशन वितरण से जुड़ी होती थीं। अब राशन वितरण को लेकर एक भी शिकायत नहीं आती। उन्होंने कहा कि ई-पॉस मशीन और सिंगल डोर-स्टेप डिलीवरी लागू होने से व्यवस्था में पारदर्शिता आई है। एफसीआई के गोदाम से सीधे उचित दर की दुकान तक राशन पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के दौरान भी कोटेदारों ने गरीबों तक राशन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उस समय दाल, नमक और तेल का भी वितरण किया गया और कहीं से कोई बड़ी शिकायत नहीं आई। योगी ने कहा कि उचित दर की दुकानों को अब केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं रखा जाएगा। इन दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस वर्ष इसके लिए 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अन्नपूर्णा भवन में दुकान और गोदाम की सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि उचित दर विक्रेता अब 39 प्रकार के सामान बेच सकते हैं। इनमें नशीले और ज्वलनशील पदार्थ अथवा देश और समाज के प्रतिकूल गतिविधियों से जुड़े सामान शामिल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री ने अन्नपूर्णा भवनों में ओडीओपी उत्पादों को बढ़ावा देने की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दो करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन और 1.53 करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

करीब 10 हजार राशन दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में हुए बदलावों का भी उल्लेख किया। कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से स्कूलों में फ्लोरिंग, शौचालय, पेयजल, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी और फर्नीचर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। करीब 1.60 करोड़ बच्चों को बैग, किताबें, दो यूनिफॉर्म, जूते-मोजे और स्वेटर दिए जा रहे हैं। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले किसानों से खरीदे जाने वाले खाद्यान्न में भी हेराफेरी होती थी और बिचौलियों के कारण किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। अब सरकार किसानों से सीधे धान, गेहूं, दलहन, तिलहन और मिलेट्स की खरीद कर रही है तथा डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले साढ़े नौ वर्षों में व्यवस्था बदली है और उत्तर प्रदेश के प्रति देश-दुनिया की धारणा में भी बदलाव आया है। यह परिवर्तन डबल इंजन सरकार की ताकत का परिणाम है। लाभांश बढ़ाए जाने पर उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार मेहरोत्रा, ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के राजेश तिवारी, आदर्श कोटेदार कमलेश कुमार मिश्र और उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र सौंपा।

# बकायेदारों को ई-मेल से मिलेगी बकाये की सूचना

## 15 दिसंबर तक चलेगी योजना, ब्याज और सरचार्ज में छूट का प्रावधान

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ क्षेत्र में लंबे समय से लंबित संपत्ति कर की वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू कर दी गई है। शासन के आदेश के तहत योजना 15 अगस्त से शुरू होकर 15 दिसंबर 2026 तक चलेगी। योजना में गृहकर, जलकर और सीवरकर के बकाये का पूरा भुगतान करने पर 1 अप्रैल 2026 तक के बकाये पर लगे ब्याज और सरचार्ज में छूट का प्रावधान किया गया है।

नगर निगम के अनुसार 15 अगस्त से 14 सितंबर तक सभी डिफाल्टरों को उनके बकाये की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए बकायेदारों को ई-मेल, एसएमएस और पत्र के माध्यम से सूचना देने की व्यवस्था की गई है। ओटीएस के लिए नगर निगम के सभी आठ जोन में हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं। यहां नागरिक योजना की जानकारी लेने के साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन भी कर सकेंगे। योजना के आवेदन, पंजीकरण और रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

ऑफलाइन आवेदन जमा करने वाले नागरिकों को हस्ताक्षर और मुहर वाली प्राप्ति रसीद देना अनिवार्य किया गया है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की प्रतियां भी सुरक्षित रखी जाएंगी। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में डळर सॉफ्टवेयर और योजना की प्रक्रिया को लेकर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। योजना के तहत सरकारी विभागों ने भी आवेदन करना शुरू कर दिया है। नगर निगम के अनुसार विद्युत विभाग ने अपने सभी भवनों के लिए एकमुश्त समाधान योजना के तहत आवेदन किया है।

नगर निगम ने योजना से संबंधित जानकारी और पत्राचार के लिए मुख्यालय तथा सभी आठ जोन के ई-मेल जारी किए हैं। नागरिक संबंधित जोन से ई-मेल के माध्यम से जानकारी ले सकते हैं। नगर निगम की ओर से प्रत्येक डिफाल्टर को बकाये की मूल धनराशि, ब्याज और अन्य देय राशि का पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। यह प्रक्रिया 15 अगस्त से 14 सितंबर के बीच पूरी की जानी है। कर अधीक्षक, वार्ड लिपिक, राजस्व निरीक्षक और अन्य वसूली कर्मचारियों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। जोनल अधिकारियों को योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

रिपोर्ट में प्राप्त ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन, डिफाल्टरों को दी गई सूचना, निस्तारित आवेदन, प्राप्त भुगतान तथा ब्याज-सरचार्ज में दी गई छूट का विवरण शामिल होगा। योजना का लाभ अधिक से अधिक बकायेदारों तक पहुंचाने के लिए वार्ड स्तर पर प्रचार-प्रसार, शिविर और गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। जोनल अधिकारियों को क्षेत्रीय पार्षदों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इन गतिविधियों को संचालित करने तथा प्रतिदिन उनकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

# दिव्यांग संविदा कार्मिक पेंशन योजना लागू करने की मांग

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश में विद्युत दुर्घटनाएं लगातार गंभीर चिंता का विषय बनी हुई हैं। बरसात के मौसम में विद्युत दुर्घटनाओं का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। इन दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में संविदा कर्मी भी प्रभावित होते हैं और कई कर्मियों की मृत्यु होने के साथ अनेक कर्मी दिव्यांग हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012-13 में विद्युत दुर्घटनाओं में 570 लोगों की मृत्यु हुई थी, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 1,428 हो गई। इस प्रकार दस वर्षों में मौतों की संख्या में करीब 150.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वर्ष 2023-24 में भी 1,120 लोगों की विद्युत दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई। सरकार को संविदा कर्मियों की

- **वर्ष 2023-24 में भी 1,120 लोगों की विद्युत दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई**

सामाजिक सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि दिव्यांग संविदा कर्मिक पेंशन योजना लागू करने के लिए नए नियम बनाए जाएं, जिसमें विद्युत दुर्घटना के कारण दिव्यांग हुए संविदा कर्मियों को पेंशन का लाभ दिया जाए।

साथ ही विद्युत दुर्घटना में मृत्यु होने वाले संविदा कर्मियों की पत्नी अथवा परिवार के एक पात्र सदस्य को भी पेंशन योजना में शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि मृतक संविदा कर्मी के परिवार का कोई एक सदस्य यदि इच्छुक एवं निर्धारित योग्यता पूरी करता है, तो उसे बिजली निगम में संविदा कर्मी के रूप में रोजगार देने का प्रावधान किया जाए।

# इंडियन ऑयल ने लांच की विशेष इंडेन सुरक्षा कवच

## पूर्वचाल में आज से शुरू हुई '2 मिनट की तैयारी, सुरक्षा बने हमारी' मुहिम

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उपभोक्ताओं की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए इंडियन ऑयल के लखनऊ इंडेन मंडलीय कार्यालय ने आगामी रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर रसोई सुरक्षा को समर्पित एक व्यापक अभियान की शुरूआत की है। इंडियन ऑयल का मानना है कि इस रक्षाबंधन घर की माताओं, बहनों और गृहिणियों के लिए इंडेन सुरक्षा कवच से अधिक उपयोगी और अनमोल उपहार कोई दूसरा नहीं हो सकता। त्यौहार से पूर्व ही शुरू किया गया यह अभियान हर घर की रसोई को दुर्घटनामुक्त बनाने और गृहिणियों को बेफिक्र सुरक्षा का अहसास कराने का एक ठोस संकल्प है। इस विशेष अभियान का आधिकारिक शुभारंभ भोद्रो लाकड़ा, स्टेट एलपीजी हैड, यूपीएसओ-1 इंडियन ऑयल द्वारा विशाल भरत मण्डल एलपीजी प्रमुख, लखनऊ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों चैनल पाटनर्स की गरिमामयी





उपस्थिति में किया गया। इस रक्षाबंधन दें इंडेन सुरक्षा का वचन, बनाएं सुरक्षित कल का जीवन संदेश के साथ लांच की गई इस विशेष पहल के तहत उपभोक्ता अपनी आवश्यकतानुसार उपकरणों का चयन या मनपसंद कॉम्बिनेशन चुन सकते हैं, पूरी किट एक साथ खरीदना अनिवार्य नहीं है। ग्राहक अपने नजदीकी इंडेन डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाकर 'इंडेन सुरक्षा कवच' प्राप्त कर सकते हैं। इस विशेष योजना का लाभ कोई भी व्यक्ति उठा सकता है। इसके लिए इंडेन का उपभोक्ता होना अनिवार्य नहीं है, अन्य गैर-इंडेन ग्राहक भी इसे आसानी से खरीद सकते हैं।

सुरक्षा को हर रसोई तक पहुंचाने के लिए इंडियन ऑयल के पूर्वांचल (पूर्वी उत्तर प्रदेश) क्षेत्र से आज से एक विशेष ऑन-स्पॉट जांच मुहिम की शुरूआत की गई है।

इसके तहत सिलेंडर की डिलीवरी करते समय प्रत्येक डिलीवरी बॉय ग्राहक के परिसर पर 2 मिनट का समय देगा। इस दौरान डिलीवरी बॉय रसोई में जाकर अनिवार्य सुरक्षा मानकों की जांच करेगा, ओ-रिंग का मुआयना व परिवर्तन करेगा और लीकेज चेक सुनिश्चित करेगा। समारोह को संबोधित करते हुए भोद्रो लाकड़ा ने कहा, इंडियनऑयल के लिए ग्राहक सुरक्षा सर्वोपरि है। रक्षाबंधन पर लॉन्च 'सुरक्षा कवच किट' और '2 मिनट की डिलीवरी सुरक्षा जांच' मुहिम हर घर की रसोई को दुर्घटनामुक्त बनाने का हमारा संकल्प है।

# तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारों से गूंजा माल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश लेकर सोमवार को उद्योग व्यापार मंडल माल की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा थामे बड़ी संख्या में व्यापारी, और स्थानीय नागरिक यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और देशभक्ति के नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने किया। यात्रा कस्बे के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए खंड विकास कार्यालय पहुंची। यहां स्थित शहीद प्रतीक स्तंभ पर पहुंचकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने वीर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा में शामिल लोग

प्राचीन नागेश्वर मंदिर पहुंची, जहां विधिवत रूप से यात्रा का समापन किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंडल माल के संचालक उमाशंकर त्रिपाठी, संरक्षक विजय सिंह चौहान, व्यापार मंडल माल अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष उत्तम त्रिपाठी, युवा नेता भास्कर सिंह, प्रधान आशुतोष चौरसिया, राजेश रस्तोगी, मोहम्मद इस्माइल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### वर्चस्व की जंग, चौराहे पर फायरिंग से दहशत, दो घायल

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली इलाके के सहजनी चौराहे पर रविवार देर रात दबदबे को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू हो गई। बदमाशों ने करीब एक दर्जन फायर किए, जिसमें 2 युवक गोली लगने से जख्मी हुए। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घायलों में सागर शामिल है। सागर ने बताया कि वह ड्यूटी पर जा रहा था और चौराहे पर उसने अपनी बाइक रोकी थी। तभी पहले से मौजूद लोगों ने उसे घेर लिया। सागर के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच पुरानी अदावत है। लगभग 25 से 30 लोगों ने उससे मारपीट की और फिर ताबड़तोड़ 3-4 फायर कर दिए। एक गोली उसके पैर में लग गई। दूसरा घायल सुधीर भी इसी दौरान घायल हुआ। सुधीर का कहना है कि वह काम निपटाकर घर लौट रहा था। रास्ते में करीब 20-25 युवकों ने उसे रोक लिया और पीटना शुरू कर दिया। सुधीर के अनुसार उसके चाचा से आरोपियों की पुरानी दुश्मनी थी, इसी वजह से उसे निशाना बनाया गया। मारपीट के बाद जब वह बाइक से निकलने लगा तो एक युवक ने पास आकर उसके पैर में गोली दाग दी। घटना सहजनी चौराहे पर स्थित एक मिठाई की दुकान के सामने समोसे की ठेली के पास हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण में उचित दर विक्रेताओं का लाभांश 90 से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल किया गया

पुरवा। आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3512 दिनांक 15.08.2026 के निर्देश के क्रम में रविवार को प्रदेशभर में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए।इसी के तहत तहसील पुरवा स्थित तहसील सभागार में पूर्वाह्न 10 बजे समस्त उचित दर विक्रेताओं की उपस्थिति में लोकभवन लखनऊ से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री ने उचित दर विक्रेताओं को बड़ी राहत देते हुए खाद्यान्न वितरण लाभांश 90 रुपये प्रति कुंतल से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल करने की घोषणा की।मुख्यमंत्री की घोषणा सुनते ही सभागार में मौजूद विक्रेताओं ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया। विक्रेताओं ने कहा कि महंगाई के दौर में यह बढ़ोत्तरी उनके लिए संजीवनी साबित होगी।कार्यक्रम में विधायक विधान सभा पुरवा का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. रजनीष वर्मा, जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीब और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पुरवा, तहसीलदार पुरवा, नायब तहसीलदार पुरवा, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षकगण, आपूर्ति लिपिक सहित क्षेत्र के सभी उचित दर विक्रेता उपस्थित रहे।

## महादेव मंदिर परिसर में भव्य रुद्राभिषेक का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा ऊगू मे स्थित बाबा मनकामेश्वर महादेव मंदिर में प्रति वर्ष की भांति श्रवण मास के तीसरे सोमवार को भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ जिसमें हर-हर महादेव के जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो उठा।क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध बाबा मनकामेश्वर महादेव मंदिर में आज शिवभक्त राघवेन्द्र नाथ शुक्ला द्वारा श्रद्धा एवं विश्वास से विधिपूर्वक रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्रामवासियों समेत क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, पंचामृत तथा पुष्प अर्पित कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। भोलेनाथ के दिव्य श्रृंगार के साथ मंदिर परिसर शिवभक्ति से सराबोर हो गया। शिवलिंग को बेलपत्र, चंदन, फूलों की मालाओं से सजाया गया। भक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोषों के साथ वातावरण को गुंजायमान कर दिया । रूद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम आचार्य सर्वेश शुक्ला के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्रपाठ और शिव स्तुति से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। पूजा उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।इस बाबा मनकामेश्वर महादेव मंदिर में सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती



हैं।मंदिर में स्थित शिवलिंग इस धाम की प्राचीनता और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक है।इस मौके पर राजू शुक्ला गोपाली यादव ,मुनुआ अग्निहोत्री ,भईया शुक्ला क्षितिज शुक्ला आदि मौजूद रहे ।

## तालाब में नाव पलटी, मछली पकड़ने गए युवक की पानी में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के मझखोरिया गांव के तालाब में सोमवार दोपहर नाव पलटने से एक युवक की मौत हो गई। युवक मछली पकड़ने के लिए तालाब गया था।मृतक की पहचान रूपउ गांव निवासी 37 वर्षीय मांगू पुत्र सुल्ताने के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 3 बजे मांगू मझखोरिया के तालाब में नाव के सहारे मछली पकड़ रहा था। इसी बीच नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई और मांगू पानी में डूब गया।नाव पर दो लोग सवार थे। एक को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाल लिया, लेकिन मांगू को बचाया नहीं जा सका। हादसे की सूचना पर माखी पुलिस के साथ लेखपाल राधा सिंह और अखिलेश मौके पर पहुंचे। राजस्व टीम ने भी निरीक्षण किया।माखी थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## कुआं धसने में गिरने के कगार पर पहुंचे मकान को किया गया ध्वस्त

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। तकनीकी कमी के चलते लगभग सात वर्ष पूर्व बने कस्बा एक प्रधानमंत्री शहरी आवास दो मंजिला नीचे कुआ धसने से गिरने की कगार पर पहुंच गया है। मकान एक तरफ झुक गया उसके आसपास रहने वालों के लिए खतरा बढ़ गया था। सूचना पर एडीएम सुशील गौर समेत विद्युत टीमो की मौजूदगी व पी डब्ल्यू डी टीम के मार्ग दर्शन में नगर पंचायत कार्यालय टीम ने जे सी बी से मकान को ध्वस्त किया गया सफीपुर कस्बा के मोहल्ला मंगल बाजार निवासी अशोक लोधी पुत्र मोहनलाल को लगभग सात वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आवास मिला था। बताया जाता हैं कि जिस स्थान पर आवास का निर्माण कराया गया, वहां पहले पुराना कुआं था। आरोप है कि बिना तकनीकी सहायक की निगरानी के दो मंजिला भवन का निर्माण करा दिया गया और पुराने कुएं को ही शौचालय के टैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया।लगातार हो रही बारिश के कारण मकान की दीवारों के आसपास की जमीन धंसने लगी, जिससे मकान धीरे-धीरे एक तरफ झुक गया मकान की हालत देख आसपास रहने वाले को चिंता सताने लगी 15 अगस्त को एडीएम के निर्देश पर उप जिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह ने नगर पंचायत टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया।उन्होंने जर्जर मकान के साथ ही उसकी चपेट में आने की आशंका वाले छह आसपास के मकानों को भी खाली कराकर लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। सोमवार एडीएम सुशील गौर मौके पर पहुचे राजस्व टीम के अलावा विद्युत विभाग की टीम व लोकनिर्माण विभाग की टीम की निगरानी में नगरपंचायत कार्यालय टीम को मकान सुरक्षित ढहाने की योजना तैयार की । दोपहर बाद मौके पर पहुच ए डी एम की निगरानी में जे सी बी से मकान को ध्वस्त किया गया इस मौके पर न्यायिक एसडीएम देवेंद्र कुमार, एसडीओ एजाज अहमद, जे ई दिलीप कुमार गुप्ता, पी डब्ल्यू टीम के जे ई अनिल कुमार,, विकास साहू प्रफुल श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई उर्फ राजा बेटा अधिशाषी अधिकारी विनीत कुमार श्रीवास्तव लिपिक होरी लाल व कोतवाली पुलिस की टीम मौजूद रही

## जूनियर शिक्षक संघ की विकासखंड का निर्वाचन हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल ( पूर्व माध्यमिक ) शिक्षक संघ के विकास खण्डों के निर्वाचन अधिवेशन के क्रम में विकासखंड सफीपुर का निर्वाचन / अधिवेशन संपन्न हुआ । विकासखंड सफीपुर के चुनाव अधिकारी नरेंद्र सिंह अध्यक्ष विकासखंड बांगरमऊ तथा पर्यवेक्षक कमल किशोरी जिला उपाध्यक्ष की देखरेख में ब्लॉक संसाधन केंद्र सफीपुर में संपादित हुआ।इसमें अध्यक्ष पद पर तौसीफ अली खाँ महामंत्री राजेश राठौर कोषाध्यक्ष जितेंद्र अग्निहोत्री उपाध्यक्ष कीर्ति शर्मा सरोजनी देवी विनय कुमार श्री भगवान दिन संयुक्त मंत्री अलका अनुपमा शांति पांडे सागर शुक्ला लेखाकार गौरव वैश्य आय व्यय निरीक्षक बृज किशोर निर्विरोध निर्वाचित हुए जिला अध्यक्ष अनुपम मिश्र तथा संरक्षक राघवेंद्र सिंह तथा जिला महामंत्री रामजन्म सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह के



निर्देशन में निर्वाचन संपन्न हुआ । जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सत्य प्रकाश द्विवेदी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी गणों को बधाई दी व अपेक्षा कि शिक्षकों के भावनाओं पर वह खरे उतरेंगे ।

## सावन माह के तीसरे सोमवार व नाग पंचमी के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। भारी बारिश के बावजूद सावन माह के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी के पावन संयोग पर नगर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बाबा बोधेश्वर महादेव समेत विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, पुष्प और दूध अर्पित किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजते रहे। नाग पंचमी पर सपेरो ने सांपों का प्रदर्शन किया। सपेरो द्वारा विभिन्न सांपों को दिखाया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने श्रद्धा और उत्सुकता के साथ नाग देवता के दर्शन किए। इस दौरान लोगों ने नाग देवता



की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के पश्चिम बाईपास मार्ग पर स्थिति बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के तीसरे सोमवार को आज भोर पहर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडी। दोपहर बाद बड़ी संख्या में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। जिसका सिलसिला देर रात तक जारी रहा। बोधेश्वर बाबा मंदिर परिसर में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बाला राव गुप्ता तथा नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता तथा पुलिस कर्मियों ने प्रसाद वितरित किया। इसी तरह बाईपास मार्ग स्थिति बाबा सिद्धनाथ मंदिर में भी सैकड़ों की संख्या में शिव भक्तों ने पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक कर जयकारे लगाये।इसी क्रम नगर के नानामऊ मार्ग स्थित श्री दुर्गेश्वर महादेव मंदिर, सण्डीला रोड रेलवे क्रासिंग के आगे बाबा भैरवानन्द, उन्नाव हरदोई मार्ग ओंकारेश्वर महादेव मंदिर, भटपुरी मोहल्ला स्थिति पंचेश्वर महादेव मंदिर, टेढ़ा शिवाला स्थिति सिद्धेश्वर महादेव मंदिर सहित शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजा अर्चना करते देखी गई। वहीं शनिवार व रविवार देर शाम को सैकड़ों ट्रेक्टर ट्राली व हजारों दोपहिया वाहनों तथा बड़ी संख्या में काँवड़ियों को गंगा नदी से जल लाने के पैदल जाते हुए देखा गया।

## धूमधाम से मनाया गया नाग पंचमी का पर्व पीटी गई गुड़िया



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। चल रहे पवित्र श्रवण मास मे सोमवार को नाग पंचमी का त्योहार क्षेत्र मे बड़ी ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया,गुडिया के त्योहार को लेकर बच्चों मे काफी उत्साह वर्धन दिखा । आज सोमवार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पंचमी त्योहार क्षेत्र मे धूम धाम से मनाया गया है गांवो कस्बो मे नाग देवता की पूजा के लिए घर के दरवाजो पर नाग देवता की आकृति बनाकर पूजा की गई। क्षेत्र मे आज ही गुड़िया का पर्व हर्षोउल्लास से मनाया गया,बहने अपने भाइयों के साथ रंग बिरंगे परिधान पहनकर डलिया मे गुड़िया रखकर निर्धारित स्थल पर गुड़िया डालने गई तो भाईयों ने खजूर व नीम की छडी से गुड़िया पीटी,क्षेत्र के विभिन्न गांवो व कस्बो मे गुड़िया का पर्व विभिन्न रिवाजो से मनाया गया ।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पाटन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम घनश्याम मीणा ने बारी-बारी से फरियादियों की शिकायत सुनी। सोमवार की सुबह से चल रही झमाझम बारिश के चलते 84 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिनमें पांच का मौके पर निस्तारण कारण किया गया। डीएम ने बढ़ती राजस्व शिकायतों पर चेतावनी देते हुए कहा कि राजस्व के विवादित मामलों में राजस्व अधिकारी व पुलिस की संयुक्त टीम मामलों का मौके पर जाकर निष्पक्ष व पारदर्शी निस्तारण करें। बार-बार राजस्व की वही शिकायतें आने के कारण निस्तारण न्याय पूर्ण न होना लगता है। उन्होंने कहा कि शिकायतकताओं को कार्यालय के बार-बार चक्कर न लगाने पड़े। अधिकारी ऐसा समाधान निकाले। मीरमऊ की ज्ञानवती ने विद्युत विभाग अधिकारियों व स्थानीय लाईनमैनों की साठगांठ से गांव में बंद पड़े घरों की बिलिंग कराकर उनके साथ बिल जमा करने में साइबर क्राइम किया जा रहा है। मामले को सुनकर डीएम ने एसडीओ पीसी यादव को मौके पर जाकर निरीक्षण का निस्तारण के निर्देश दिए। सरैया के रमाकांत ने बिहार थाने में दर्ज संगीन अपराध के मामले में आरोपितों के गिरफ्तार न किए जाने की शिकायत पुलिस कप्तान जयप्रकाश सिंह से की। उन्होंने एसओ को तत्काल कार्रवाई किए जाने का आदेश दिया। शंभू रतन खेड़ा की हेमलता ने आंगनबाड़ी सहायिका के चयन में अपात्र का चयन करने में विभागीय अधिकारियों द्वारा अनियमिताए किये जाने की शिकायत की। कल्याणपुर के जितेंद्र सिंह ने तैनात सफाई कर्मी द्वारा प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर वेतन लेने तथा गांव में सफाई न करने की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि डीपीआरओ ने भी मामले में जांच में लीपा पोती की है इसी तरह काली प्रसाद व हेमंत कुमार सहित आधा दर्जन लोगों ने पाटन ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी द्वारा नालियों की सफाई न करने से बजबजा रही है। समाधान दिवस पर एसडीम आनंद कुमार नायक, क्षेत्राधिकारी पुलिस मधुपनाथ मिश्रा, पीडी तेजवंत सिंह, डीडीओ देव कुमार चतुवेर्दी, तहसीलदार धीरज कुमार त्रिपाठी, बीडीओ दीप शिखा वर्मा,पूर्ति निरीक्षक मनोज राजवंशी सहित जिला स्तरीय तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में लूट के तीन अभियुक्त गिरफ्तार दो घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट थाना गंगाघाट क्षेत्र में 7 अगस्त को किन्नर वैशाली के घर हुई लूट का पुलिस ने 10 दिन में खुलासा कर दिया। एसओजी, सर्विलांस और थाना गंगाघाट की संयुक्त टीम ₹अमित₹ ने रविवार रात कनोड़िया पम्प के पास मुठभेड़ के दौरान 3 लुटेरों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में 2 बदमाश घायल हो गए।



पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर विकलांग स्कूल के पास दबिश दी गई। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में शईम उर्फ सोएब निवासी फतेहपुर और शफीक उर्फ जग्गा निवासी फतेहपुर के पैर में गोली लगी। तीसरा साथी अली रजा उर्फ राजा निवासी कानपुर को मौके से पकड़ा गया।पूछताछ में तीनों ने डकारी गांव में किन्नर के घर लूट की घटना कबूली। उनके पास से लूटी गई 2.95 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण, 3 मोबाइल, अपाचे बाइक और 2 तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद हुए। घायल दोनों बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त शईम उर्फ सोएब

## लॉरेंस गैंग के नाम पर दी गई धमकी का निकला जमीन विवाद, जीजा-साला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में नवाबगंज कस्बे में ई-रिक्शा एजेंसी संचालक को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से धमकाने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में पता चला कि धमकी के पीछे कोई गैंग नहीं, बल्कि जमीन का विवाद था। पुलिस ने इस मामले में जीजा और साले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।नवाबगंज निवासी ई-रिक्शा एजेंसी संचालक देवेंद्र प्रताप सिंह ने 9 अगस्त को कोतवाली में तहरीर दी थी। उनका आरोप था कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से लगातार व्हाट्सएप वॉयस मैसेज आ रहे थे। मैसेज में उन्हें, उनके भाई सहित 4 लोगों को जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। धमकी देने वाला खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बता रहा था और बैनामा की गई जमीन वापस करने का दबाव बना रहा था।शिकायत के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने धमकी वाले नंबर की कॉल डिटेल, व्हाट्सएप मैसेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की गहन जांच की। जांच में पता चला कि धमकी किसी संगठित गिरोह ने नहीं दी थी।पुलिस के अनुसार धमकी माखी थाना क्षेत्र के हुलासखेड़ा गांव निवासी शिवनंदन ने दी थी। वह उस समय पंजाब में था और वहीं से एजेंसी संचालक को वॉयस मैसेज भेज रहा था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि शिवनंदन को उसके जीजा राजेंद्र ने उकसाया था। राजेंद्र ने जमीन बेचने के बाद बैनामा वापस कराने के लिए दबाव बनाने की साजिश रची थी। इसी के तहत उसने साले से एक बड़े गैंग का नाम लेकर धमकी दिलवाई।कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि जमीन के बैनामे के बाद दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। राजेंद्र ने सीधे सामने न आकर साले शिवनंदन के जरिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम लेकर डराने की कोशिश की, ताकि एजेंसी संचालक जमीन वापस कर दे। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान हुई और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## रिश्तों में आती दरारें और तेजी से टूटते विवाह एक गंभीर सामाजिक चिंता

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। ?आधुनिकता की अंधी दौड़, सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव और सहनशीलता की कमी ने समाज के सबसे पवित्र बंधन यानी ह्यशादीह्न को कमजोर करना शुरू कर दिया है। आज स्थिति यह है कि सात फेरों और सात जन्मों के वादे के साथ शुरू होने वाला यह रिश्ता, कई बार एक साल भी नहीं टिक पा रहा है। बांगरमऊ और आसपास के ग्रामीण व शहरी अंचलों में भी इन दिनों रिश्तों में आती दरारें और तेजी से टूटते विवाह एक गंभीर सामाजिक चिंता का विषय बन चुके हैं। पारिवारिक न्यायालयों और सामाजिक स्तर पर बढ़ती मामलों की संख्या इस बात की गवाही दे रही है कि हंसते-खेलते परिवार महज कुछ महीनों में ही बिखर रहे हैं। आखिर क्या वजह है कि शादी की शहनाइयों की गूंज अभी थमती भी नहीं है कि कोर्ट-कचहरी और तलाक की चर्चाएं शुरू हो जाती हैं? आखिर कारण क्या हैं- ?पुराने समय में रिश्तों को जोड़े रखने के लिए 'समझौता' और 'धैर्य' को सबसे बड़ा हथियार माना जाता था। आज की पीढ़ी में 'मैं' (अहंकार) की भावना 'हम' पर भारी पड़ रही है। छोटी-छोटी बातों पर असहमति, जरा सी नोकझोंक और अहंकार का टकराव सीधे तौर पर अलगाव या तलाक तक पहुँच जाता है। किसी भी पक्ष द्वारा झुकने या स्थिति को संभालने के बजाय तुरंत रिश्ता खत्म करने का आसान रास्ता चुन लिया जाता है। ?आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया और इंटरनेट की एक ऐसी काल्पनिक दुनिया में जी रही है जहाँ हर चीज परफेक्ट दिखाई जाती है। रील्स और फिल्मों के आधार पर लोग अपनी असल जिंदगी और पार्टनर से उम्मीदें पाल लेते हैं। जब असल जीवन की वास्तविकताएं उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरतीं, तो निराशा हाथ लगती है और रिश्ते में खटास पैदा होने लगती है। इसके अलावा, सोशल मीडिया के जरिए बाहरी लोगों का अनावश्यक दखल भी शक और दूरियों को जन्म दे रहा है। ?पहले संयुक्त परिवार हुआ करते थे, जहाँ बुजुर्गों का अनुभव और परिवार के अन्य सदस्यों का साथ छोटे-मोटे विवादों को हवा नहीं लगने देता था। आज एकल परिवार का चलन बढ़ गया है। पति-पत्नी दोनों के नौकरीपेशा होने या अकेले रहने के कारण जब घर में तनाव होता है, तो उसे समझाने या संभालने वाला कोई तीसरा समझदार शख्स पास नहीं होता, जिससे बात बढ़ जाती है। ?बदलते दौर में करियर और आर्थिक स्वतंत्रता हर किसी की प्राथमिकता बन गई है। पति और पत्नी दोनों अपने-अपने कार्यक्षेत्र में व्यस्त हैं। एक-दूसरे को गुणवत्तापूर्ण समय न दे पाना, एक-दूसरे की भावनाओं को समझने का मौका न मिलना और मानसिक थकान रिश्तों में दूरियां बढ़ा रही है। कई बार पति-पत्नी की अत्यधिक महत्वाकांक्षाएं अहंकार का रूप ले लेती हैं, जो अंततः रिश्ते को तोड़ देती हैं। आज के दौर में लोग साथ बैठकर बात करने के बजाय मोबाइल की स्क्रीन में ज्यादा व्यस्त रहते हैं। मन में चल रही उलझनें, शिकायतें और अपेक्षाएं दिल में ही दबी रह जाती हैं, जो बाद में गुस्से या बड़े विवाद का रूप ले लेती हैं। संवादहीनता के कारण गलतफहमियां दूर होने के बजाय बढ़ती चली जाती हैं। विशेषज्ञों और बुजुर्गों का मानना है कि रिश्ते कांच के बर्तन जैसे होते हैं, जिन्हें संभालने के लिए बहुत नाजुक और मजबूत पकड़ की जरूरत होती है। यदि रिश्तों को बचाना है तो निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना बेहद जरूरी हैं कि रिश्ते में 'मैं' को पीछे रखकर 'हम' को प्राथमिकता दें। अपनी समस्याओं और भावनाओं को खुलकर अपने पार्टनर के साथ साझा करें। हर इंसान में कुछ कमियां होती हैं, उन्हें स्वीकार करना और एक-दूसरे को समझना सीखें। संकट के समय परिवार के अनुभवी बुजुर्गों या काउंसलर की मदद लें, न कि तुरंत रिश्ता तोड़ने का फैसला करें।शादी केवल दो दिलों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन है। इसे बचाने के लिए थोड़ा सा त्याग, ढेर सारा प्यार और आपसी समझ बेहद जरूरी है, ताकि सात जन्मों का यह पवित्र बंधन कुछ ही दिनों में न बिखर जाए।

## नागपंचमी पर भव्य भंडारा और जवाबी आल्हा, पूर्व विधायक ने सरकार पर बोला हमला

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नागपंचमी के अवसर पर हिलौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत अकोहरी के बखतखेड़ा गांव में विशाल भंडारे और जवाबी आल्हा गायन का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम समाजसेवी देवेंद्र कुमार पप्पू यादव द्वारा ठकुराइन खेड़ा स्थित काली माता मंदिर में कराया गया।कार्यक्रम में आल्हा गायिका नैना गौतम, राम-लखन यादव और राखी ने जवाबी आल्हा पेश किया। नैना गौतम ने 'मछला हरण' पर अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को खूब लुभाया।



भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजक देवेंद्र कुमार पप्पू यादव ने ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न कराया। उन्होंने आए हुए पत्रकारों और विशिष्ट लोगों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र व मूर्ति देकर सम्मानित किया।इस मौके पर सपा के 4 बार के विधायक रहे पूर्व विधायक उदयराज यादव भी पहुंचे। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। पूर्व विधायक ने कहा कि किसान आज छुट्टा पशुओं से परेशान है। किसानों की आमदनी नहीं बढ़ी और युवाओं को रोजगार नहीं मिला। उन्होंने 2014 में हर साल 2 करोड़ रोजगार देने के वादे को याद दिलाते हुए कहा कि वादा पूरा नहीं हुआ। पेपर लीक और नौकरी मांगने पर जंतर-मंतर पर युवाओं पर लाठीचार्ज की भी निंदा की।उदयराज यादव ने कहा कि प्रदेश में 9.5 साल और केंद्र में 12 साल बाद भी सरकार अपने वादे पूरे नहीं कर पाई। उनके साथ असोहा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार रावत भी मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना में घायल मरीज की मौत एक दर्जन घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पूर्व की घटना में एक्सप्रेसवे पर ही हुए हादसे में घायल मरीज ठीक होकर एंबुलेंस से लौटते समय पुनः एक्सप्रेसवे पर ही हादसे का शिकार हो गया जिसकी लखनऊ में मौत हो गई। इसी दौरान पीछे आई दूसरी कार पीछे से टकरा गई इस हादसे में दोनो वाहनों पर सवार करीब 12 लोग जख्मी हो गए जिन्हे यूपीडा टीम द्वारा उपचारित किया गया। ज्ञात हो राजेंद्र पुत्र रामबहादुर निवासी गांव रसूलपुर थाना रुदौली जनपद अयोध्या इसी सप्ताह पूर्व की घटना में उन्नाव जनपद की सीमा क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में घायल हो गए थे जिनका परिजन इलाज करा रहे थे उनकी हालत ठीक होने के बाद चालक शिवकुमार पुत्र हरिश्चंद निवासी नगला खेसारी जनपद फिरोजाबाद एंबुलेंस द्वारा



दिल्ली से लखनऊ लेकर जा रहा था तभी सोमवार को सुबह करीब 6 बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव सबली खेड़ा के निकट तेज गति एंबुलेंस किसी भारी वाहन में पीछे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में सवार राजेंद्र के अलावा उनके भाई पंचम व पुत्र शुभम व मुकेश तथा करीबी विशाल आदि लोग घायल हो गए।हादसे के बाद राजनेद्र को मेडिकल कालेज लखनऊ ले जाया गया जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।हादसे की जानकारी देते हुए मृतक के भाई पंचम ने बताया है कि वह दिल्ली की लोहामंडी में मजदूरी करते थे घटना से मृतक की पत्नी गुड्डा व माता जगमाता आदि सहित सभी परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। एंबुलेंस के दुर्घनाग्रस्त होने के तुरंत बाद पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार इसी दुर्घटनाग्रस्त एंबुलेंस में पीछे से आकर टकरा गई जिससे कार सवार मंगल सिंह पुत्र धर्मसिंह निवासी समथ भरथरा थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद तथा साथी अजय कुमार पुत्र सिकंदर सिंह,श्याम बिहारी पुत्र चरण देव सिंह,राजकुमार पुत्र चन्द्रदेव सिंह,शिवब्रत कुमार पुत्र परमोद चौधरी,पूनम देवी पत्नी अजय कुमार,रूपम कुमारी पत्नी राजनांदन यह लोग चोटिल हो गए जिन्हे यूपीडा टीम ने मौके पर उपचारित किया। घटना की सूचना पर यूपीडा टीम ने घटनास्थल का रेस्क्यू कर आवागमन बहाल कराया। थानेदार राजकुमार ने बताया है कि हाईवे पर हादसा हुआ था कोई सूचना तहरीर नहीं मिली है आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## सम्पादकीय

# असहमति सही, लेकिन न हो विद्वानों का अपमान

लोकतंत्र में असहमति का अधिकार जितना अहम है, असहमति व्यक्त करने की भाषा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। संसद जैसे मंच पर नेताओं के शब्द केवल सदन की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे पूरे समाज के सार्वजनिक संवाद का स्तर तय करते हैं। ऐसे में किसी वैज्ञानिक या शिक्षाविद् की आलोचना करते समय शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखना आवश्यक है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी द्वारा आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि के संदर्भ में 'गोमूत्र विशेषज्ञ' वाली टिप्पणी पर उठे विवाद को इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। प्रियंका को कामकोटि के गोमूत्र संबंधी विचारों से असहमति हो सकती है। उनके दावों पर वैज्ञानिक सवाल भी उठाए जा सकते हैं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण यही कहता है कि किसी भी दावे को प्रमाण, शोध और स्वतंत्र परीक्षण की कसौटी पर परखा जाए। यदि कोई दावा वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित नहीं है तो उसे स्वीकार करने का कोई कारण नहीं है, लेकिन किसी व्यक्ति के पूरे अकादमिक व्यक्तित्व को एक टिप्पणी या विवादित दावे के आधार पर परिभाषित कर देना भी उचित नहीं कहा जा सकता। यदि कामकोटि के गोमूत्र संबंधी दावे गलत हैं तो उनका सबसे प्रभावी उत्तर यही होगा कि वैज्ञानिक समुदाय उनके दावों की समीक्षा करे, उपलब्ध शोध की सीमाएं बताए और तथ्य जनता के सामने रखे। विचारों में असहमति हो सकती है, लेकिन विद्वानों का अपमान किया जाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इस विवाद के बाद 38 से अधिक देशों में रह रहे भारतीय वैज्ञानिकों सहित 14,000 लोगों का ऑनलाइन अभियान से जुड़ना भी एक संदेश देता है। इससे पहले 215 मौजूदा और पूर्व कुलपतियों तथा शिक्षाविदों द्वारा आपत्ति जताना इस बात की ओर संकेत है कि अकादमिक समुदाय अपने सदस्यों की सार्वजनिक गरिमा को लेकर गंभीर है। हालांकि ऑनलाइन समर्थन की संख्या अपने आप में किसी पक्ष को सही साबित नहीं करती। न ही किसी वैज्ञानिक की प्रतिष्ठा उसके हर विचार को स्वतः सही बना देती है। लेकिन यह जरूर बताती है कि सार्वजनिक जीवन में भाषा और मर्यादा का प्रश्न अब केवल राजनीतिक विवाद नहीं रहा। यहां एक और महत्वपूर्ण बात है। विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के प्रमुख सार्वजनिक पदों पर होते हैं, इसलिए उनके विचारों और कार्यों की कठोर जांच होनी चाहिए। सवाल यह होना चाहिए कि उन्होंने क्या कहा, किस आधार पर कहा और उसके समर्थन में क्या प्रमाण हैं। सवाल यह नहीं होना चाहिए कि व्यक्ति का मजाक कैसे बनाया जाए। संसद में बैठे जनप्रतिनिधियों से समाज को इसी परिपक्वता की अपेक्षा होती है। राजनीतिक विरोधियों पर तीखी टिप्पणी करना लोकतांत्रिक राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन किसी शिक्षाविद् या वैज्ञानिक की प्रतिष्ठा पर व्यक्तिगत कटाक्ष स्वस्थ परंपरा नहीं हो सकती। आज जरूरत ऐसी राजनीति की है जो विज्ञान से सवाल पूछे, लेकिन विज्ञान का मजाक न बनाए, ऐसी अकादमिक दुनिया की है जो आलोचना स्वीकार करे, लेकिन तथ्यों से जवाब दे और ऐसे सार्वजनिक संवाद की है, जिसमें असहमति तल्ख हो सकती है, मगर भाषा गरिमाहीन नहीं। लोकतंत्र में किसी विचार को कठघरे में खड़ा करने की पूरी आजादी होनी चाहिए, लेकिन व्यक्ति की गरिमा को कटघरे में खड़ा करना लोकतांत्रिक बहस की ताकत नहीं, उसकी कमजोरी है। असहमति जितनी धारदार हो, भाषा उतनी ही जिम्मेदार होनी चाहिए। इसलिए संसद जैसे मंच पर नेताओं को सोच-समझकर और तथ्यों के साथ बात रखनी चाहिए।



विभाजन विभीषिका
डॉ. चंद्र त्रिखा

# दर्द, त्रासदी और विरासत का स्मरण

> विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भारतीय इतिहास का एक ऐसा पन्ना है, जिसे हर बार पलटने पर केवल खून और आंसुओं के निशान ही दिखाई देते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं और धार्मिक उन्माद ने किस तरह एक हंसते-खेलते उपमहाद्वीप को आग के हवाले कर दिया था। वर्ष 1947 में 14 और 15 अगस्त की मध्यरात्रि को सत्ता का हस्तांतरण हुआ और लाखों लोग अपने ही घर में बेगाने हो गए। इसका प्रभाव इतना भयावह हुआ कि हम आज तक भी विभाजन-विभीषिका से उत्पन्न दु:ख और त्रासदी से पूरी तरह उबर नहीं पाए। इस त्रासदी में लगभग डेढ़ करोड़ लोग अपने घरों से उजड़ गए, जबकि प्राण खोने वालों की संख्या को लेकर कोई एक राय नहीं है।

चौदह अगस्त यानी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भारतीय इतिहास का एक ऐसा पन्ना है, जिसे हर बार पलटने पर केवल खून और आंसुओं के निशान ही दिखाई देते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं और धार्मिक उन्माद ने किस तरह एक हंसते-खेलते उपमहाद्वीप को आग के हवाले कर दिया था। वर्ष 1947 में 14 और 15 अगस्त की मध्यरात्रि को सत्ता का हस्तांतरण हुआ और लाखों लोग अपने ही घर में बेगाने हो गए। इसका प्रभाव इतना भयावह हुआ कि हम आज तक भी विभाजन-विभीषिका से उत्पन्न दुःख और त्रासदी से पूरी तरह उबर नहीं पाए। इस त्रासदी में लगभग डेढ़ करोड़ लोग अपने घरों से उजड़ गए, जबकि इस दौरान प्राण खोने वालों की संख्या को लेकर कोई एक राय नहीं है। हालांकि इतिहासकार मानते हैं कि यह आंकड़ा दस से पंद्रह लाख के बीच था।

इस त्रासदी की सबसे बड़ी विडंबना वह सीमा रेखा थी, जिसे सर रैडक्लिफ ने खींचा था। प्रख्यात पत्रकार कुलदीप नैयर ने जब वर्ष 1971 में लंदन में रैडक्लिफ से मुलाकात की थी तो उन्होंने कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। रैडक्लिफ ने इस बातचीत में स्वीकार किया था कि उन्होंने शुरुआत में लगभग पूरा लाहौर शहर भारत के हिस्से में दे दिया था क्योंकि लाहौर में हिंदू और सिख बहुसंख्यक थे। लेकिन बाद में उन्हें यह एहसास हुआ कि यदि लाहौर भी भारत को दे दिया गया तो पाकिस्तान के पास कोई भी बड़ा शहर नहीं बचेगा। इसी सोच के कारण उन्होंने अंतिम समय में अपना फैसला बदल दिया और लाहौर को पाकिस्तान के नक्शे में शामिल कर दिया। रैडक्लिफ के पास इस जटिल काम को पूरा करने के लिए केवल पांच से छह सप्ताह का ही समय था, जो इस भयंकर भूल का एक बड़ा कारण बना। विभाजन केवल धरती या नक्शे का नहीं था, बल्कि यह हर उस चीज का था जिसे बांटा जा सकता था। यह प्रक्रिया कई बार बहुत हास्यास्पद भी हो गई थी। दोनों देशों के बीच अचल संपत्तियों के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों के फर्नीचर, लाइट बल्ब और स्टेशनरी तक का बंटवारा हुआ था। दफ्तरों में कर्मचारी अपने सबसे अच्छे टाइपराइटर छिपाने लगे थे। पुस्तकालयों में रखे गए विश्वकोशों और शब्दकोशों को भी बीच से फाड़ दिया गया, जिसमें अंग्रेजी वर्णमाला के ए से लेकर के तक के अक्षर वाले पन्ने भारत को मिले और बाकी के पन्ने पाकिस्तान के हिस्से में चले गए। संपत्ति और खजाने के बंटवारे ने भी दोनों देशों के बीच भारी विवाद खड़े किए थे। समझौते के तहत भारत को नकद शेष राशि के रूप में पाकिस्तान को पचहत्तर करोड़ रुपये देने थे, जिसमें से बीस करोड़ रुपये तुरंत दे दिए गए थे और शेष राशि पर लंबा विवाद चला था। सेना के बंटवारे में दो लाख साठ हजार सैनिकों ने भारतीय सेना को चुना और एक लाख चालीस हजार सैनिक पाकिस्तान चले गए। भारत के वायसराय की सोने और चांदी से जड़ी बारह बग्घियों का बंटवारा सिक्का उछाल कर किया गया था।

वहीं, वन विभाग के स्वामित्व वाली जॉयमनी नाम की एक कीमती हथिनी को लेकर भारी विवाद हुआ और अंततः पूर्वी बंगाल के हिस्से में गई। विभाजन के दौरान हुए विस्थापन ने मानवता को पूरी तरह से शर्मसार कर दिया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार उस समय



हरियाणा-पंजाब में 65 शरणार्थी शिविर लगे थे, मगर तत्कालीन पुनर्वास मंत्रालय इस संख्या को अधूरी मानता था। यदि शिविरों की पहली पंक्ति पर दृष्टि डाली जाए तो प्रमुख शिविरों में नीलोखेड़ी (कुरुक्षेत्र), कैथल, करनाल, बलदेव नगर कैम्प (अम्बाला शहर), समालखा (पानीपत), सोनीपत, राजपुरा और फाजिल्का (पंजाब) के साथ-साथ दिल्ली के किंग्सवे कैम्प और पुराना किला शामिल थे। इन शिविरों में वितरित राशन, टेंट-वस्त्रों आदि का पूरा विवरण मिल पाना आज भी संभव नहीं है। इस विस्थापन में महिलाओं ने सबसे अधिक और खौफनाक पीड़ा झेली। यह प्रश्न भी अभी तक अनुत्तरित है कि सीमा पर लापता महिलाओं के लिए जो शिविर लगाए गए थे, वहां दर्ज लापता महिलाओं की संख्या कितनी थी। यह आंकड़े 85 हजार तक जाते हैं, मगर मृदुला साराभाई व उनके कुछ सहयोगी यह भी मानते थे कि यह आंकड़ा लाखों में है और लाखों लापता महिलाओं के विवरण मिल ही नहीं पाए।

लाहौर शहर, जो कभी पूरे भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक हुआ करता था, वह एक झटके में भारत से अलग हो गया। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार लाहौर को भगवान राम के पुत्र लव ने बसाया था और यहां के शाही किले में आज भी लव मंदिर के अवशेष मौजूद हैं। इसी तरह कसूर शहर भगवान राम के दूसरे पुत्र कुश के नाम पर बसाया गया था। आज भी यह सवाल उठता है कि हमारी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत से हमें क्यों काटा गया। क्या हमें सिंध के हिंगलाज माता मंदिर, मुल्तान के आदित्य मंदिर, पाक-पंजाब के कटासराज, लाहौर के जैन मंदिर व श्री ननकाना साहब, पंजा साहब आदि के दर्शनों से वंचित रखा जाना उचित है। विरासत का यह नुकसान यहीं नहीं रुका। लाहौर में मुगल बादशाह जहांगीर के समय के एक ईमानदार सर्राफ छज्जू राम भाटिया का प्रसिद्ध 'छज्जू का चौबारा' हुआ करता था जो सूफी संतों और फकीरों का विश्राम स्थल था, वह अब खंडहर बन चुका है। लाहौर के गुमटी बाजार में स्थित सेठ बुलाकी शाह की हवेली भी कभी अपनी रौनक के लिए जानी जाती थी। इसी बाजार में मशहूर लेखिका अमृता प्रीतम का घर हुआ करता था, लेकिन दंगों की आग ने सब कुछ राख कर दिया। सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख स्थल मोहनजोदड़ो और हड़प्पा पाकिस्तान के हिस्से में चले गए। वहां से प्राप्त दस दशमलव पांच सेंटीमीटर की नर्तकी की कांस्य मूर्ति आज भी दोनों देशों के बीच विवाद का विषय बनी हुई है। विभाजन विभीषिका दिवस हमें आत्ममंथन करने का एक बहुत बड़ा अवसर देता है। ऐसे में पहला प्रश्न यह है कि भारतीय इतिहास की इस भयावह त्रासदी के लिए जिम्मेदार कौन-कौन थे।

दूसरा प्रश्न यह है कि हमें शुरुआती दौर में विकृत इतिहास क्यों पढ़ाया जाता रहा, जहां जो घटनाओं के लिए खलनायक थे, उन्हें महानायक बनाकर क्यों पेश किया गया। इन सब सवालों के बीच हमें मुख्य शिविर स्थलों पर विभीषिका से जुड़े तथ्यों के संग्रहालय स्थापित करने होंगे ताकि आने वाली पीढ़ियां इस दर्द को समझ सकें। नई पीढ़ी के लिए हमें उस काल की जुझारू पीढ़ी का पूरा विवरण एकत्र करना होगा जो लुटे-पिटे खाली हाथ आए थे। जिन्होंने पानीपत, सोनीपत, अम्बाला, करनाल व दिल्ली आदि स्थानों पर सफलता के लिए सोपान रचे। वे शरणार्थी का चोगा उतार कर पुरुषार्थी बने और उन्होंने नया भारत रचा। ऐसी प्रामाणिक जानकारी नई पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा की मशाल बनेगी। शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा ही उस विभीषिका का सच्चा समाधान है और इसी मार्ग पर चलकर हम अपने राष्ट्र को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।



समानता
ममता कुशवाहा

# क्या हर भारतीय को बराबर अवसर मिला

भारत ने 15 अगस्त 1947 को राजनीतिक गुलामी की लंबी रात से आजादी हासिल की थी। यह केवल अंग्रेजी शासन से मुक्ति नहीं थी, बल्कि एक ऐसे भारत के निर्माण का सपना भी था, जहां हर व्यक्ति को सम्मान, अधिकार और आगे बढ़ने का समान अवसर मिले। संविधान ने इसी सपने को लोकतंत्र, स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों के रूप में स्वीकार किया। आजादी के 79 वर्ष बाद भारत ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन एक महत्वपूर्ण सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या आज हर भारतीय को वास्तव में बराबर अवसर मिल रहा है? क्या किसी बच्चे का भविष्य उसकी प्रतिभा से तय होता है या उसके परिवार की आर्थिक स्थिति, उसके गांव या शहर, उसके लिंग और उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि से भी प्रभावित होता है? भारत की आजादी के बाद शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम माना गया। स्कूलों और विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ी, साक्षरता में उल्लेखनीय सुधार हुआ और शिक्षा आम लोगों तक पहले की तुलना में कहीं अधिक पहुंची। आज गरीब परिवारों के बच्चे भी डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक, अधिकारी और उद्यमी बनने का सपना देख सकते हैं। सरकारी विद्यालयों, छात्रवृत्तियों, आरक्षण और विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं ने वंचित वर्गों के लिए अवसरों के दरवाजे खोले हैं। फिर भी शिक्षा में समान अवसर की मंजिल अभी दूर है। एक ओर ऐसे बच्चे हैं जिन्हें अच्छे निजी स्कूल, इंटरनेट, कंप्यूटर, अंग्रेजी शिक्षा और निजी कोचिंग जैसी सुविधाएं मिलती हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसे बच्चे भी हैं जिनके पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षक, पुस्तकें, डिजिटल साधन और शांत वातावरण तक उपलब्ध नहीं है। इसलिए केवल स्कूल में दाखिला मिल जाना शिक्षा की समानता नहीं है; वास्तविक समानता तब होगी जब हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिले। डिजिटल युग ने शिक्षा के अवसरों को बढ़ाया भी है और नई असमानताएं भी पैदा की हैं। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे इस डिजिटल अंतर के कारण पीछे रह सकते हैं। आज शिक्षा केवल किताब और कक्षा तक सीमित नहीं है; डिजिटल ज्ञान भी सफलता की महत्वपूर्ण सीढ़ी बन चुका है। इसलिए डिजिटल सुविधाओं तक समान पहुंच अब अवसरों की समानता का आवश्यक हिस्सा बन गई है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी भारत ने लंबी यात्रा तय की है। आज महिलाएं राजनीति, प्रशासन, सेना, विज्ञान, खेल, उद्योग, शिक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं।

पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी ने लाखों महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से जोड़ा है। बेटियों की शिक्षा के प्रति समाज की सोच में भी बदलाव आया है, लेकिन दूसरी तस्वीर अभी भी चिंता पैदा करती है। अनेक लड़कियां आज भी शिक्षा बीच में छोड़ने, बाल विवाह, घरेलू जिम्मेदारियों, सुरक्षा की चिंता और सामाजिक रूढ़ियों का सामना करती हैं। कई परिवारों में बेटे की शिक्षा को बेटी की शिक्षा से अधिक प्राथमिकता दी जाती है। महिलाओं की कार्यक्षेत्र में भागीदारी, समान वेतन, सुरक्षित वातावरण और निर्णय लेने की स्वतंत्रता के सवाल भी पूरी तरह हल नहीं हुए हैं। महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल महिलाओं को अवसर देना नहीं, बल्कि उन्हें अपनी पसंद और निर्णय के अनुसार जीवन जीने की स्वतंत्रता देना भी है। आखिरकार आजादी का अर्थ केवल यह नहीं है कि हम अपने प्रतिनिधि चुन सकते हैं या अपनी बात कह सकते हैं। किसी लड़की का लिंग उसके अधिकारों को सीमित न करे, किसी ग्रामीण युवा का पता उसकी प्रतिभा के रास्ते में बाधा न बने और किसी व्यक्ति की सामाजिक पृष्ठभूमि उसके भविष्य का फैसला न करे। भारत ने समान अवसर की दिशा में लंबी दूरी तय की है, लेकिन मंजिल अभी बाकी है। आने वाले वर्षों में हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां अवसर कुछ लोगों की विशेष सुविधा न होकर हर नागरिक का वास्तविक अधिकार बनें। आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर इसलिए हमें केवल यह नहीं पूछना चाहिए कि हमने कितनी प्रगति की है, बल्कि यह भी पूछना चाहिए

# भाजपा की राष्ट्रीय टीम में उत्तर प्रदेश: प्रतिनिधित्व का सवाल और 2027 की चुनौती

## तीन प्रमुख चेहरे शामिल, फिर भी उठ रहे सवाल—क्या देश के सबसे बड़े राजनीतिक राज्य के लिए राष्ट्रीय संगठन में प्रतिनिधित्व पर्याप्त है?

हिन्दी दैनिक ' अमन लेखनी ' लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को अपनी नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी। नई टीम में अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और विभिन्न क्षेत्रों को साधने का प्रयास स्पष्ट दिखाई देता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्षों और महामंत्रियों की सूची में कई अनुभवी एवं प्रभावशाली नेताओं को स्थान मिला है। स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महामंत्री तथा उत्तर प्रदेश की पूर्व सांसद रेखा वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में यह फैसला विशेष महत्व रखता है। देश की लोकसभा में सर्वाधिक 80 सीटें रखने वाला उत्तर प्रदेश भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठना भी लाजिमी है कि राष्ट्रीय संगठन की नई टीम में उत्तर प्रदेश को मिला प्रतिनिधित्व क्या राज्य के राजनीतिक आकार, सामाजिक विविधता और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की चुनौती के अनुरूप है?




### हार के बाद भी जिम्मेदारी—संदेश क्या है?

नई टीम में उत्तर प्रदेश से जुड़े कुछ ऐसे चेहरे भी हैं जिन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा था। रेखा वर्मा और हरीश द्विवेदी जैसे नेताओं के संगठन में बने रहने अथवा नई जिम्मेदारी पाने को इसी दृष्टि से देखा जा रहा है। स्मृति ईरानी भी 2024 में अमेठी से चुनाव हारने के बाद अब राष्ट्रीय संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका में वापस आई हैं। लेकिन किसी चुनाव में हार को राजनीतिक जीवन का अंतिम प्रमाणपत्र मान लेना भी उचित नहीं होगा। भाजपा की संगठनात्मक संस्कृति में चुनावी पराजय के बाद भी अनुभवी नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका देने की परंपरा रही है। इसलिए इन नियुक्तियों को केवल 'हारने वालों को पद' के रूप में देखना अधूरा विश्लेषण होगा। स्मृति ईरानी का मामला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। 2019 में अमेठी में राहुल गांधी को हराकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट राजनीतिक पहचान बनाई थी। नई जिम्मेदारी में उन्हें उत्तर प्रदेश की कमान से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

### फिर भी उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधित्व पर सवाल क्यों?

यही इस पूरी नियुक्ति का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है। उत्तर प्रदेश केवल भौगोलिक रूप से बड़ा राज्य नहीं है, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत जटिल प्रदेश है। यहां सवर्ण, पिछड़ा वर्ग, दलित, अति पिछड़ा, किसान, युवा, महिलाएं और क्षेत्रीय सामाजिक समूह—सभी चुनावी राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। भाजपा ने पिछले एक दशक में इसी सामाजिक विस्तार के आधार पर उत्तर प्रदेश में अपना मजबूत जनाधार बनाया है। इसलिए राष्ट्रीय संगठन में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधित्व का आकलन केवल नेताओं की संख्या से नहीं, बल्कि क्षेत्रीय, सामाजिक और जातीय विविधता से भी होना चाहिए।

यहीं से यह सवाल उठता है कि क्या राष्ट्रीय टीम में उत्तर प्रदेश के उन सामाजिक समूहों को पर्याप्त स्थान मिला है, जिनकी चुनावी राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका है?

### लोधी समाज को प्रतिनिधित्व नहीं—क्या यह एक चूक है?

उत्तर प्रदेश की राजनीति में पिछड़ा वर्ग भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आधार रहा है। लोधी समाज भी राज्य के अनेक क्षेत्रों में प्रभावशाली राजनीतिक-सामाजिक उपस्थिति रखता है। इसके बावजूद राष्ट्रीय संगठन की नई टीम में उत्तर प्रदेश से लोधी समाज के किसी प्रमुख चेहरे को स्थान नहीं मिलना निश्चित रूप से राजनीतिक विश्लेषण का विषय बन सकता है। यह सवाल किसी एक जाति को पद देने या न देने से अधिक व्यापक है। भाजपा स्वयं सामाजिक प्रतिनिधित्व और सबका साथ लेकर चलने की राजनीति पर जोर देती रही है। ऐसे में संगठन के शीर्ष ढांचे में विभिन्न सामाजिक समूहों की प्रतीकात्मक और प्रभावी भागीदारी पार्टी के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होती है। इसी प्रकार क्षत्रिय समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर भी पार्टी के भीतर और बाहर चर्चा होना स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय समाज का अपना प्रभाव है और प्रदेश की राजनीति में इस वर्ग की भूमिका लंबे समय से महत्वपूर्ण रही है। इसलिए राष्ट्रीय संगठन में उत्तर प्रदेश से इस वर्ग के प्रभावशाली चेहरे को अपेक्षित स्थान न मिलने की चर्चा भी राजनीतिक गलियारों में होना स्वाभाविक है।

### सिर्फ संख्या नहीं, सामाजिक संदेश भी महत्वपूर्ण

भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी शक्ति उसका विस्तृत सामाजिक आधार रहा है। पार्टी ने लंबे समय में ब्राह्मण, ठाकुर, वैश्य जैसे पारंपरिक समर्थक वर्गों के साथ-साथ पिछड़े, अति पिछड़े, दलित और विभिन्न क्षेत्रीय समूहों में अपनी पहुंच बढ़ाई है। ऐसे में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची बनाते समय केवल संगठनात्मक अनुभव अथवा व्यक्तिगत राजनीतिक कद ही नहीं, बल्कि यह भी देखा जाता है कि किस चेहरे के माध्यम से किस सामाजिक समूह तक संदेश जाता है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2027 का विधानसभा चुनाव अब बहुत दूर नहीं है। राज्य भाजपा की नई टीम में 19 उपाध्यक्ष, आठ महामंत्री और 19 मंत्री बनाए जाने की जानकारी सामने आई थी तथा संगठनात्मक पुनर्गठन को 2027 के चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा गया था। ऐसे में राष्ट्रीय टीम में भी उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधित्व को आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

### भाजपा के सामने 2027 की बड़ी परीक्षा

2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन 2019 की तुलना में कमजोर रहा। इसके बाद पार्टी ने प्रदेश संगठन में व्यापक बदलाव किया और 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नई टीम बनाई। इसलिए राष्ट्रीय टीम में उत्तर प्रदेश से कौन आता है, कौन बाहर रहता है और किन सामाजिक समूहों को प्रतिनिधित्व मिलता है—इन सभी निर्णयों का राजनीतिक अर्थ निकाला जाएगा। भाजपा के लिए चुनौती यह है कि वह अपने पारंपरिक समर्थक वर्गों को साथ रखते हुए पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों में अपनी पकड़ को और मजबूत करे। साथ ही क्षेत्रीय असंतुलन की शिकायतों को भी दूर करे।

### क्या संख्या बढ़ाना ही समाधान है?

यह भी जरूरी नहीं कि उत्तर प्रदेश की समस्याओं का समाधान केवल राष्ट्रीय पदाधिकारियों की संख्या बढ़ाने से हो। राष्ट्रीय टीम में शामिल प्रत्येक व्यक्ति ऐसा होना चाहिए जिसकी संगठन में वास्तविक उपयोगिता हो, जिसके पास कार्यकताओं से संवाद की क्षमता हो और जो प्रदेश की सामाजिक-राजनीतिक जटिलताओं को समझता हो। लेकिन उत्तर प्रदेश के आकार को देखते हुए यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रीय संगठन में राज्य की विविधता का प्रतिनिधित्व दिखाई दे। उत्तर प्रदेश से प्रतिनिधित्व केवल लखनऊ, दिल्ली या कुछ चुनिंदा राजनीतिक चेहरों तक सीमित दिखाई देने के बजाय पूरे प्रदेश के सामाजिक भूगोल को प्रतिबिंबित करे—यही संगठन की दृष्टि से अधिक संतुलित संदेश होगा।

### आलोचना नहीं, आत्ममंथन की जरूरत

नई राष्ट्रीय टीम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है और नई जिम्मेदारियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद भी है। ऐसे समय में उठ रहे सवालों को विरोध की राजनीति के बजाय संगठनात्मक आत्ममंथन के रूप में देखा जाना चाहिए। किसी नेता का चुनाव हार जाना उसकी राजनीतिक उपयोगिता समाप्त नहीं करता और किसी नेता की जातीय पहचान ही उसकी योग्यता का एकमात्र आधार नहीं हो सकती। संगठन में क्षमता, अनुभव, निष्ठा और जनस्वीकार्यता सबसे महत्वपूर्ण कसौटियां हैं। लेकिन इसके साथ ही प्रतिनिधित्व और सामाजिक संतुलन भी लोकतांत्रिक राजनीति की वास्तविक आवश्यकता हैं।

यही कारण है कि उत्तर प्रदेश के संदर्भ में नई राष्ट्रीय टीम को लेकर बहस का मूल प्रश्न यह नहीं होना चाहिए कि किसे पद मिला और किसे नहीं, बल्कि यह होना चाहिए कि–

क्या देश के सबसे बड़े राज्य की राजनीतिक विविधता राष्ट्रीय संगठन में पर्याप्त रूप से प्रतिबिंबित हुई है?

यदि उत्तर प्रदेश 2027 में भाजपा के लिए निर्णायक भूमिका निभाने जा रहा है, तो संगठन को अभी से हर सामाजिक वर्ग, हर क्षेत्र और हर पीढ़ी के बीच संवाद बढ़ाना होगा।

निष्कर्ष : नितिन नबीन की नई राष्ट्रीय टीम भाजपा के भविष्य की दिशा तय करने वाली महत्वपूर्ण टीम है। उत्तर प्रदेश से रेखा वर्मा, हरीश द्विवेदी और स्मृति ईरानी जैसे चेहरों को जिम्मेदारी मिलना निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है। लेकिन इसके साथ ही यह अपेक्षा भी स्वाभाविक है कि आने वाले समय में राष्ट्रीय संगठन में उत्तर प्रदेश के व्यापक सामाजिक आधार को और अधिक प्रतिनिधित्व मिले। क्योंकि उत्तर प्रदेश केवल भाजपा के लिए एक राज्य नहीं है—वह भाजपा की राष्ट्रीय सत्ता की सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रयोगशाला है। और 2027 की चुनावी कसौटी पर संगठन की सफलता इस बात से तय होगी कि पार्टी अपने हर सामाजिक वर्ग को कितना सम्मान, प्रतिनिधित्व और राजनीतिक भागीदारी का भरोसा दे पाती है। संगठन में संतुलन जितना व्यापक होगा, सामाजिक आधार उतना मजबूत होगा; और सामाजिक आधार जितना मजबूत होगा, 2027 की राह उतनी ही सुगम होगी।

लेखक :- डॉ. राज कुमार सिंह चौहान , प्रधान संपादक

## संक्षेप

### दीवार फांदकर घर में घुसे चोर, जेवरात व नकदी समेत तीन मोबाइल चोरी

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। थाना रूपईडीहा क्षेत्र में 16 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने दीवार फांदकर एक घर में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, तीन मोबाइल फोन और करीब 10 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, घटना 16 अगस्त 2026 की रात करीब 2 बजे की है। अज्ञात व्यक्ति दीवार फांदकर घर के अंदर दाखिल हुआ और कमरे में रखे सामान को खंगालने के बाद जेवरात, तीन मोबाइल फोन तथा नकदी चोरी कर ले गया।घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने थाना रूपईडीहा में तहरीर देकर चोरी की घटना के संबंध में उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात चोर की तलाश में जुटी है।

### ओमप्रकाश वर्मा के जिलाध्यक्ष बनने पर समर्थको में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच।युवा समाजसेवी /प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड तीन (नवाबगंज) ओम प्रकाश वर्मा कों जिलाध्यक्ष निफा ( नेशनल इंटेग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिट एंड एक्टिविटीज) बननें पर समर्थको में खुशी की लहर दौड़ गई।चाहने वालों नें मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त किया।इस अवसर पर संगठन व क्षेत्रीय शुभचिंतकों नें निफा के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर मनोनीत जिलाध्यक्ष श्री वर्मा नें केंद्रीय नेतृत्व व शुभचिंतकों का आभार प्रकट किया और कहा की युवाओं कों संगठन से जोड़ने का काम करेंगे।इस मौके पर क्षेत्र व जनपद के सैड़को लोग उपस्थित रहे।

# बाढ़ प्रभावित मंझारा तौकली के बिरजा-पकड़िया पहुंचे डीएम व एसपी, लिया जायजा

## ग्रामीणों को तत्काल जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

### प्रशासन ने शिफ्टवार लगाई राजस्व व पुलिस टीमों की ड्यूटी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराईच। क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। सोमवार को जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक बहराइच विष्वजीत श्रीवास्तव ने कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मंझारा तौकली के मजरा बिरजा और पकड़िया पहुंचकर बाढ़ की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर पानी भरने की स्थिति और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में किसी भी ग्रामीण को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। प्रशासन की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा और उन्हें समय से जरूरी सहायता उपलब्ध कराना है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए। किसी भी आपात स्थिति में ग्रामीणों तक तत्काल मदद पहुंचाने के लिए राजस्व विभाग की टीमों और पुलिस कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही जरूरत के अनुसार अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी लगातार सुनिश्चित की जा रही हैं।

### एसपी ने भी सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पुलिस अधीक्षक विष्वजीत श्रीवास्तव ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद करेगी। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों से अपील की गई कि बाढ़ की स्थिति में घबराने के बजाय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल संबंधित राजस्व अधिकारी या पुलिस को दें। निरीक्षण के दौरान सीओ कैसरगंज डीके श्रीवास्तव, एसडीएम कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक, थाना प्रभारी राजकुमार पांडेय, हल्का लेखपाल, कानूनगो समेत राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# कैसरगंज संपूर्ण समाधान दिवस में 19 मामले आए, दो का मौके पर निस्तारण

### डीएम अक्षय त्रिपाठी ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध एवं तथ्यपरक जांच के निर्देश, बाढ़ प्रभावित गांवों में सतर्क रहने की अपील

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराईच। तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 19 फरियादियों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भेजते हुए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की मौके पर सही एवं तथ्यपरक जांच करने के बाद ही रिपोर्ट प्रेषित की जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि कैसरगंज क्षेत्र के दो गांवों में पानी भरने की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की। कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोग अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थानों पर रहें। डीएम ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में ग्रामीण तत्काल हल्का लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार, एसडीएम अथवा पुलिस कर्मियों से संपर्क स्थापित करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीमें लगातार मुस्तैद रहेंगी और जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक बहराइच बी.सी. श्रीवास्तव, एडीएम कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव, तहसीलदार कैसरगंज मीना गौड़, सीएमओ बहराइच सहित जिले के तमाम आला अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# रुपईडीहा में 2.5 किलो अफीम के साथ नेपाली अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक नेपाली अभियुक्त को 2.5 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई गई है।पुलिस के अनुसार, 16 अगस्त 2026 को शाम करीब 7 बजे रुपईडीहा कस्बे स्थित एसएसबी चेक पोस्ट पर संयुक्त टीम ने संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। इस दौरान नेपाल के रोल्पा निवासी करीब 65 वर्षीय मनपुरा बुद्धापुत्र चिज बदामगर के कब्जे से 2.5 किलो अफीम बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर थाना रुपईडीहा में मु0अ0सं0 225/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे नियमानुसार न्यायालय बहराइच के समक्ष पेश करने के लिए रवाना किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांश गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने की। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार सहित पुलिसकर्मी तथा एसएसबी की एफ-कंपनी, 42वीं

# कतर्नियाघाट की दो रेंजों में खाली रेंजर की कुर्सी, बढ़े वन्यजीव हमले

### मोतीपुर और मुर्तिहा रेंज अतिरिक्त प्रभार के भरोसे, संवेदनशील इलाकों में निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में इन दिनों वन्यजीवों के हमले में वृद्धि हुई है जिससे ग्रामीण दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं वहीं वन विभाग के पास दो रेंज अफसर की कमी के चलते वन्य जीव संरक्षण तथा मानव वन्य जीव संघर्ष रोकने पर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में वन्यजीवों के लगातार बढ़ते हमलों के बीच मोतीपुर और मुर्तिहा रेंज में वन क्षेत्राधिकारी के पद करीब एक माह से अधिक समय से खाली हैं। दोनों संवेदनशील और बड़े क्षेत्रफल वाली रेंजों का संचालन अतिरिक्त प्रभार के भरोसे किया जा रहा है। ऐसे में वन्यजीवों की निगरानी और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। करीब दो माह पूर्व वन विभाग ने वन क्षेत्राधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले किए थे। कतर्नियाघाट की सात रेंजों में से पांच के वन क्षेत्राधिकारियों का स्थानांतरण हुआ। इनमें मोतीपुर के वन क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र कुमार तिवारी और मुर्तिहा के वन क्षेत्राधिकारी रत्नेश कुमार भी शामिल थे। दोनों के गैरजनपद स्थानांतरण के बाद इन रेंजों में अब तक स्थायी तैनाती नहीं हो सकी है। मोतीपुर रेंज का अतिरिक्त प्रभार ककरहा के वन क्षेत्राधिकारी केके सिंह को, जबकि मुर्तिहा का अतिरिक्त प्रभार धमापुर के वन क्षेत्राधिकारी दीपक मिश्रा को सौंपा गया है। अपने मूल क्षेत्र के साथ अतिरिक्त रेंज की जिम्मेदारी संभालने के कारण अधिकारियों के सामने दोनों क्षेत्रों की नियमित निगरानी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

### हमलों के बीच व्यवस्था पर सवाल

कतर्नियाघाट क्षेत्र में लगातार तेंदुए समेत अन्य वन्यजीवों की आबादी में आवाजाही और हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में संवेदनशील रेंजों में स्थायी वन क्षेत्राधिकारी नहीं होने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वन्यजीव की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचना, गश्त बढ़ाना और ग्रामीणों को सतर्क करना बेहद जरूरी है, लेकिन अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था में यह काम प्रभावित हो सकता है।मोतीपुर और मुर्तिहा दोनों ही रेंज जंगल से सटे बड़ी आबादी वाले इलाकों को कवर करती हैं। ऐसे में यहां स्थायी रेंजर की तैनाती को लेकर विभाग की उदासीनता वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं के बीच गंभीर सवाल खड़े कर रही है।ग्रामीणों में चर्चा है कि वन विभाग के उच्चाधिकारियों को सुरक्षा के मद्देनजर दोनों रेंजों में जल्द स्थायी वन क्षेत्राधिकारियों की तैनाती करनी चाहिए ताकि वन्यजीवों की निगरानी मजबूत होने के साथ ही हमले की घटनाओं पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई हो सके। आपको बताते चले कि पिछले दिनों मोतीपुर और मुर्तिहा रेंज में कई स्थानों पर वन्यजीवों के हमले हो चुके हैं जिसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है।

# प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को विद्यालय में प्रभावी ढंग से लागू करें: राधेश्याम वर्मा

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज (बाबागंज) सभागार में सोमवार को शिक्षकों के प्रथम बैच का पांचवें दिवसीय का एफएलएन प्रशिक्षण के आखिरी दिन खण्ड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम ने कहा कि एफएलएन प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को विद्यालय में प्रभावी ढंग से लागू करना प्रत्येक शिक्षक का नैतिक दायित्व है उन्होने आगे कहा कि गुणवत्तापूर्ण आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान सुनिश्चित करने में सभी शिक्षकों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। इससे पूर्व प्रशिक्षण में टीएलएम और गतिविधि आधारित शिक्षण पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर आधारित शिक्षण पर जोर दिया गया।



ट्रेनर / संदर्भदाता एआरपी शैलेन्द्र कुमार, अभिषेक मौर्य, विमल अग्निहोत्री इसके अलावा अब्दुर कदीर, जीतेन्द्र बहादुर आदि द्वारा शिक्षकों को बच्चों की बुनियादी शिक्षा में गणित और भाषा की व्यापक जानकारी प्रदान की गई।

# बीएसएनएल द्वारा लांच किया गया आजादी प्लान 2, उपभोक्ताओं में खुशी

### एक रुपए की सिम में मिलेगी 24 दिन तक फ्री कॉलिंग की सुविधा

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। उप मंडल अभियंता (मोबाइल सर्विसेज) बीएसएनएल, बहराइच मुनीष पाण्डेय ने बताया कि स्वंत्रता दिवस के अवसर पर बीएसएनएल द्वारा लांच आजादी प्लान 2.0 एवं अन्य जनकेंद्रित योजनाओं का शुभारम्भ किया गया है। भारत संचार निगम लिमिटेड ने स्वंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अपने उपभोक्ताओं को उपहार देते हुए एक बार फिर से आजादी प्लान 2.0 के तहत सिर्फ 1 रुपये में 24 दिनों तक असीमित कालिंग की शानदार सुविधा दी जा रही है। साथ ही वार्षिक प्लान 2399 में 47 दिनों की वैधता बढाकर 412 दिन कर दी गयी है जिसमें 2 जीबी डाटा व 100 एसएमएस की सुविधा प्रतिदिन मिलेगी। श्री पाण्डेय ने बताया कि स्वदेशी 4जी तकनीक से लैस बीएसएनएल अब गांवों से लेकर शहरों तक अपनी बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रहा है। भारत सरकार की डिजिटल भारत निधि के माध्यम से जनपद बहराइच एवं श्रावस्ती के दूर दराज के सीमावर्ती इलाकों में अब तक 12 नए टावर लगाकर 4जी की सेवाएं दी जा रही हैं। अन्य स्थानों जहाँ पर अभी तक 4जी की सेवाएं नहीं पहुंची हैं वहां भी बीएसएनएल द्वारा टावर लगाने की प्रक्रिया चल रही है। आगामी कुछ महीनों में इस परियोजना के तहत 30 से अधिक टावर लगाने की कार्ययोजना पर काम चल रहा है। इसी प्रकार घर घर ब्रॉडबैंड की पहुँच को सरल बनाने के लिए इस राष्ट्रीय पर्व पर फाइबर कनेक्शन 259 रूरल एंट्री प्लान की शुरूवात की गयी है जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन पर 25 एमबीपीएस स्पीड, असीमित कालिंग, फ्री मॉडम एवं फ्री ओटीटी जैसी सुविधाएं मिलेंगी।बीएसएनएल की इस नई योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक राम प्रकाश मौर्या द्वारा बताया गया कि 14 एवं 15 अगस्त 2026 को बहराइच एवं श्रावस्ती जिलों में बीएसएनएल कर्मचारियों एवं चैनल पार्टनर्स द्वारा विभिन्न स्थानों पर मेला/कैंप आयोजित उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। श्री मौर्या ने बताया कि यह विशेष योजना केवल 12 सितम्बर 2026 तक ही लागू है। कोई भी उपभोक्ता नजदीकी बीएसएनएल ग्राहक सेवा केंद्र या किसी भी मान्यता प्राप्त रिटेलर से संपर्क करके इस आकर्षक योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# घाघरा के बढ़े जलस्तर से सुजौली-जंगल गुलरिया के काफी मजरे प्रभावित

### एडीएम और एसडीएम मिहीपुरवा ने किया संयुक्त निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। घाघरा नदी के बढ़े जलस्तर से तहसील मिहींपुरवा के सुजौली क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। सोमवार को उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा मोनालिसा जौहरी व अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार बहराइच ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों का हालचाल लिया और राहत एवं बचाव कार्यों की जमीनी हकीकत परखी। सुजौली के पांच मजरे तथा जंगल गुलरिया के मजरे बाढ़ की चपेट में हैं। प्रभावित गांवों की कुल आबादी करीब 6277 है। राहत की बात यह है कि फिलहाल आबादी क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जबकि कृषि क्षेत्र प्रभावित नहीं हुआ है। बाढ़ की सूचना मिलते ही संवेदनशील एसडीएम मोनालिसा जौहरी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सोमवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं पानी में उतरकर प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पल-पल की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम की संवेदनशीलता और सक्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह केवल कार्यालय स्तर से निगरानी तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि मौके पर पहुंचकर स्वयं प्रत्येक परिस्थिति का जायजा लेती रहीं। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल टीम को भी साथ लेकर पहुंचीं एसडीएम बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी मेडिकल टीम को साथ लेकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचीं, ताकि ग्रामीणों के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली जा सके और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### राहत केंद्र, बाढ़ चौकी और कम्युनिटी किचन सक्रिय

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए एक बाढ़ चौकी, एक राहत केंद्र तथा दो कम्युनिटी किचन संचालित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम एवं एडीएम ने कम्युनिटी किचन का निरीक्षण किया, जो संचालित पाया गया। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए लंच पैकेट का वितरण भी कराया जा रहा है। प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य के लिए पीएसी की एक टीम भी लगाई गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य किया जाए। बाढ़ प्रभावित परिवारों तक भोजन और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। लगभग छः हजार खाद्य पैकेट तैयार कर उनके वितरण की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न किट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रभावित परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री के लिए परेशान न होना पड़े। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत सामग्री का वितरण जरूरतमंद परिवारों तक समय से और व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी परिवार के सामने भोजन अथवा आवश्यक सहायता का संकट नहीं आना चाहिए।

### पल-पल की स्थिति पर प्रशासन की नजर

घाघरा नदी के जलस्तर और बाढ़ प्रभावित गांवों की स्थिति पर प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी स्वयं मौके की स्थिति की जानकारी ले रही हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में एसडीएम की सक्रिय मौजूदगी, मेडिकल टीम के साथ मौके पर पहुंचना और स्वयं पानी में उतरकर ग्रामीणों की स्थिति का जायजा लेना प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता को दर्शाता है। प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि किसी भी आपात स्थिति में उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# मदरसा बरकाते रजा में शान से मना स्वतंत्रता दिवस, हिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब का दिया पैगाम

### लोकतंत्र रक्षक सेनानी क्रांतिक कुमार सिंह बोल: हिंदू-मुस्लिम सभी ने मिलकर दिलाई थी देश को आजादी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच।15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मदरसा बरकाते रजा, मौजा टांडे चतुर, सराय कन्हार तहसील कैसरगंज में बेहद शानदार और अजीमुश्शान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के विद्वान, संत, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति, आपसी भाईचारे और हिंदू-मुस्लिम एकता का खूबसूरत पैगाम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं वरिष्ठ नेता क्रांतिक कुमार सिंह रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की आजादी किसी एक वर्ग या समुदाय की देन नहीं है, बल्कि देश के हिंदू, मुस्लिम सहित सभी धर्मों और वर्गों के लोगों ने कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया। हजारों लोगों ने अपना जीवन और सर्वस्व न्योछावर किया, जिसके बाद हमारा देश आजाद हुआ। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में स्थानीय इतिहास और बहराइच नरेश बलभद्र सिंह के योगदान का भी उल्लेख करते हुए उनके साहस और संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को देश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को जानने और वीर सेनानियों के बलिदान से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

### मौलाना शम्सुद्दीन बरकाती ने बताए आजादी के असली मायने

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना शम्सुद्दीन बरकाती ने कहा कि हमारा हिंदुस्तान सभी धर्मों के लोगों की मेहनत, मशक्कत, खून-पसीने और हजारों लोगों के बलिदान की वजह से आजाद हुआ। उन्होंने महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जीवन देश के बच्चों और युवाओं के लिए एक बड़ी मिसाल है। साधारण परिवार से निकलकर उन्होंने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा हासिल की और अपनी प्रतिभा व मेहनत के बल पर देश के महान वैज्ञानिक बने। उन्होंने कहा कि बच्चों को डॉ. कलाम के जीवन से मेहनत, लगन, शिक्षा और देशसेवा का सबक लेना चाहिए। मौलाना शम्सुद्दीन बरकाती ने हिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब पर भी जोर देते हुए कहा कि भारत की खूबसूरती इसकी विविधता और आपसी भाईचारे में है। देश की तरक्की तभी संभव है जब सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिल-जुलकर रहें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें।

### शेर-ओ-शायरी से गूंजा आजादी का जश्न

कार्यक्रम में मौलाना रिजवान अहमद मिस्बाही ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जोशीले अंदाज में शेर-ओ-शायरी के साथ अपनी तकरीर पेश की। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में उलेमा और बहादुर नौजवानों के योगदान को याद करते हुए कहा कि देश की आजादी के लिए अनेक लोगों ने अपनी जान की कुबार्नी दी। उन्होंने मौलाना फजले हक खैराबादी, मौलाना किफायतुल्लाह सहित अनेक स्वतंत्रता सेनानियों और विद्वानों के योगदान का उल्लेख करते हुए नई पीढ़ी से उनके संघर्ष और बलिदान को याद रखने की अपील की। वहीं मौलाना कलीम साहब ने देशभक्ति से ओतप्रोत तराना प्रस्तुत किया। उनके तराने से पूरा माहौल देशभक्ति के जज्बे से सराबोर हो गया और उपस्थित लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भारत माता के जयकारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान ह्लसारे जहाँ से अच्छा, हिंदुस्तान हमाराह्व जैसे देशभक्ति के नारों और तरानों से पूरा परिसर गूंज उठा। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने स्वतंत्रता दिवस के इस आयोजन को आपसी भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का खूबसूरत संदेश बताया। कार्यक्रम में टांडे चतुर और सराय कन्हार सहित आसपास के क्षेत्रों के कई विद्वान, संत, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने स्वतंत्रता दिवस के इस शानदार आयोजन के माध्यम से देश की एकता, अखंडता, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूत करने का संकल्प लिया।मदरसा बरकाते रजा में आयोजित यह कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस के जश्न के साथ-साथ हिंदू-मुस्लिम एकता, राष्ट्रीय एकता और आपसी सौहार्द का खूबसूरत पैगाम छोड़ गया।

# तीसरे सोमवार व नाग पंचमी पर बूढ़ेश्वर नाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब।

### लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक बैबाही पुलिस रही मौजूद

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबियर के मजरा महादेवा में पांडव कालीन बूढ़ेश्वर नाथ का शिव मंदिर स्थित है जहां आज नाग पंचमी व सावन के तीसरे सोमवार पर आस्था का सैलाब देखा गया।रविवार शाम से ही प्रदेश के बहराइच लखीमपुर सीतापुर श्रावस्ती गोंडा बाराबंकी सहित नेपाल राष्ट्र तक के कांवरिया व श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हुआ था। रात्रि के 12 बजे से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक का कार्यक्रम शुरू किया गया। चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज से हजारों की संख्या में कांवरिया श्रद्धालुओं द्वारा 75 किलोमीटर की दूरी तय कर जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत खैरीघाट पुलिस द्वारा सभी मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग किया गया था। मंदिर परिसर में भी सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी जिससे कि श्रद्धालुओं को जलाभिषेक में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।इस अवसर पर वैवाही चौकी प्रभारी शशि प्रताप सिंह, उप निरीक्षक मुकुट नाथ चौधरी, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार वर्मा सहित महिला व पुलिस बल तैनात रहा।

# महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। पैरौरी गांव में रविवार शाम महिला को घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ देखकर परिजनों के होश उड़ गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कारण पारिवारिक कलह बताई जा रही है। औरास थाना क्षेत्र के पैरौरी गांव निवासी अनित रावत की शादी पांच वर्ष पूर्व लखनऊ जनपद के काकोरी थाना क्षेत्र के फरीदीपुर गांव निवासी छुटकन की 30वर्षीय पुत्री उषा के साथ हुई थी। उषा ने रविवार शाम लगभग 6:30बजे पारिवारिक कलह के चलते घर के अंदर कमरे की छत में लगे लोहे के छल्ले में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गई।जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।मृतिका के दो बच्चो में अतिसोत्र 4वर्ष, समृद्धि 3माह हैं।थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षेप

### दो युवकों की हत्या मुख्य आरोपी महंत और सहयोगी फरार

**उत्तराखंड समेत कई जगह दबिश**

बागपत ,लहचौड़ा गांव में दो युवकों अंकित और इसरार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी महंत और उसका सहयोगी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस दोनों की तलाश में उत्तराखंड समेत कई स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सिगोली तगा निवासी 32 वर्षीय इसरार और 28 वर्षीय अंकित 25 जुलाई से लापता थे।परिजन उनकी तलाश कर रहे थे।13 अगस्त की सुबह दोनों के शव लहचौड़ा गांव में गणेश मंदिर के पास एक गड्ढे में दबे मिले। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया था।महंत के दो शिष्य गिरफ्तार पुलिस ने हत्याकांड में महंत के दो शिष्यों को गिरफ्तार किया है।पूछताछ और जांच के दौरान मुख्य आरोपी महंत और उसका सहयोगी सामने आए, लेकिन दोनों फरार हो गए।पुलिस टीमें उनकी तलाश में अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही हैं ।शव गांव पहुंचे तो परिजनों ने किया हंगामापोस्टमार्टम के बाद 14 अगस्त की रात करीब 8 बजे दोनों युवकों के शव गांव पहुंचे। शव देखते ही परिजनों और रिश्तेदारों का गुस्सा फूट पड़ा।उन्होंने शवों को घर के बाहर रखकर हंगामा किया और आरोपी महंत के एनकाउंटर की मांग की। इसरार के साले अनीस और पूर्व राज्यमंत्री (दर्जा प्राप्त) उम्मेद पहलवान ने भी इस मांग का समर्थन किया ।आश्वासन के बाद खत्म हुआ धरनाहंगामे की सूचना पर थाना प्रभारी राकेश कुमार और ग्राम प्रधान बाबूराम त्यागी मौके पर पहुंचे।उन्होंने परिजनों को निष्पक्ष कार्रवाई और आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया और दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया गया। गांव में भारी पुलिस बल तैनातअंतिम संस्कार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए चांदीनगर पुलिस के साथ भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात रही।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई जारी है। फरार मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जली महिला की लाश मिली, दूसरे दिन भी पहचान नहीं

**पुलिस 30 से अधिक सीसीटीवी खंगाल चुकी, हत्या के खुलासे का प्रयास जारी**

बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे किनारे काठा गांव स्थित कब्रिस्तान के पास गुरुवार दोपहर एक महिला का जला हुआ शव मिला था। आशंका जताई गई कि महिला की हत्या कर शव को ठिकाने लगाया गया और सबूत मिटाने के लिए जला दिया गया। शव करीब 70 प्रतिशत तक जल चुका था।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की छानबीन शुरू कर दी थी। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी महिला की पहचान नहीं हो सकी है और न ही मामले में कोई खुलासा हुआ है ।शुक्रवार तक इस मामले में 30 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाल चुकी है। पुलिस अधिकारी घटनाक्रम के खुलासे के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। महिला के शव की शिनाख्त के प्रयास जारीमहिला का शव मिलने से मौके पर हड़कंप मच गया था।

# जलभराव पर अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला

## बोले-आए दिन सड़कें नदी बन रहीं, जार्जटाउन थाने तक पानी भरा

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , जलभराव को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। सोमवार को उन्होंने एक्स पर जार्जटाउन इलाके का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें सड़कें पानी से लबालब नजर आ रही हैं।जार्जटाउन थाने के आसपास भी पानी भरा दिखाई दे रहा है।वीडियो के जरिए अखिलेश ने शहर की जल-निकासी व्यवस्था और विकास कार्यों पर सवाल उठाए। अखिलेश यादव ने कहा कि इतिहास में पढ़ाया जाता है कि नदियों के किनारे शहर और सभ्यताएं बसीं, लेकिन भाजपा सरकार में हालात ऐसे हो गए हैं कि शहरों की सड़कें ही नदी बनती दिखाई दे रही हैं।उन्होंने प्रयागराज की बदहाल जल-निकासी व्यवस्था को लेकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और भाजपा विधायकों पर भी तंज कसा।

### सड़कें ही नदी बन जा रहीं

अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उत्तर प्रदेश में एक राजधानी ऐसी है, जहां भ्रष्टाचार के चलते जल-निकासी की व्यवस्था इतनी बदनाम हो चुकी है कि आए दिन सड़कें नदी बन जाती हैं।उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह शहर बदइंतजामी का मॉडल बन चुका है उन्होंने आगे लिखा कि तथ्य के स्तर पर बात करें तो यह स्मार्ट सिटी प्रयागराज का सबसे सभ्रांत इलाका जार्जटाउन है।यहां तक कि थाना भी पानी में डूबा हुआ दिखाई दे रहा है।

### भाजपा विधायकों पर भी कसा तंज

अखिलेश ने प्रयागराज के भाजपा विधायकों को लेकर भी सवाल खड़े किए।उन्होंने पूछा कि क्या जार्जटाउन का यह इलाका भाजपा के शहर उत्तरी विधायक की विधानसभा में आता है या फिर पानी के साथ बहकर शहर दक्षिणी विधायक के क्षेत्र में चला गया है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ हालात एक जैसे नजर आ रहे हैं, इसलिए यह समझना मुश्किल हो गया है कि आखिर यह इलाका किस विधानसभा क्षेत्र में आता है।

### एक लाख करोड़ के गोरखधंधे की बात

अखिलेश यादव ने प्रयागराज में विकास कार्यों पर खर्च को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राज में प्रयागराज के विकास पर एक लाख करोड़ रुपये के गोरखधंधे की बात सुनी जा रही है।

# 19 अफसरों के सरकारी बंगले को नोटिस जारी

## सरकारी बंगले खाली होंगे, हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन की कार्रवाई तेज

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज,स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) चिकित्सालय के विस्तार की दिशा में प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। अस्पताल के लिए लीज पर दी गई जमीन पर बने 22 से अधिक सरकारी आवासों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।इनमें से 19 आवासों में रह रहे अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी किए गए हैं।यह कार्रवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है। प्रशासनिक, पुलिस, शिक्षा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवंटित इन बंगलों को खाली कराकर अस्पताल विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन उन अधिकारियों और कर्मचारियों की भी सूची तैयार कर रहा है, जिनका तबादला प्रयागराज से बाहर हो चुका है लेकिन उन्होंने अभी तक सरकारी आवास खाली नहीं किए हैं अस्तपाल के लिए लीज पर दी गई इस जमीन पर 22 से अधिक सरकारी आवास हैं अस्तपाल के लिए लीज पर दी गई इस जमीन पर 22 से अधिक सरकारी आवास हैं।वैकल्पिक आवास मिलने के बाद होगा स्थानांतरण सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को वैकल्पिक सरकारी आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।इसके लिए सर्वे कराया गया है, लेकिन अभी पर्याप्त संख्या में खाली आवास उपलब्ध नहीं हैं। अन्य सरकारी आवासों की भी जांच की जा रही है। वैकल्पिक व्यवस्था पूरी होने के बाद ही शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। दो चरणों की नापजोख में 31 हजार वर्गमीटर से अधिक जमीन चिन्हित एसआरएन अस्पताल की जमीन पर बने बंगलों की दो चरणों में नापजोख कराई गई। पहले चरण में 18,700 वर्गमीटर और दूसरे चरण में 31,314 वर्गमीटर जमीन चिन्हित की गई। इस क्षेत्र में कुल 22 बंगले शामिल हैं, जिन्हें अस्पताल विस्तार योजना के लिए खाली कराया जाना है। वैकल्पिक आवासों की व्यवस्था पूरे हो जाने के बाद ही संबंधित कर्मचारियों को शिफ्ट किया जाएगा।

# मेरठ में होटलों की सघन चेकिंग

**लोगों के दस्तावेज खंगाले, पार्किंग की भी हुई चेकिंग**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए होटलों और अन्य ठहरने वाले स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। शाम को एलआईयू, बीडीडीएस , एएस चेक और डॉग स्क्वॉड की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न होटलों में गहन जांच की।सीओ एलआईयू के निर्देश पर इन संयुक्त टीमों ने होटल के कमरों के साथ-साथ परिसर के आसपास मौजूद संदिग्ध स्थानों और वाहनों को भी खंगाला। सुरक्षा जांच में डॉग स्क्वॉड की मदद ली गई। पुलिस टीमों ने होटलों में ठहरे लोगों की जानकारी जुटाई और उनके पहचान संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन किया। होटल प्रबंधन से भी ठहरे हुए लोगों से संबंधित रिकॉर्ड की जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त, होटल परिसर और पार्किंग में खड़े वाहनों की भी जांच की गई।पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।सार्वजनिक स्थानों, होटलों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।पुलिस टीमें लगातार चेकिंग



और निगरानी कर रही हैं ।पुलिस के अनुसार, यह सुरक्षा अभियान लगातार जारी रहेगा। संवेदनशील स्थानों के साथ-साथ होटलों और अन्य महत्वपूर्ण परिसरों में भी समय-समय पर चेकिंग की जाएगी।

# गर्भवती महिलाओं में लगी स्पेशल डेट पर डिलीवरी की होड़

## स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बताया 15 अगस्त-जन्माष्टमी, रक्षाबंधन पर सी-सेक्शन की बढ़ी मांग

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,आजकल बच्चों के जन्म की तारीख को लेकर अभिभावकों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।कई दंपती चाहते हैं कि उनके बच्चे का जन्म किसी खास दिन हो। इसके चलते जन्माष्टमी और अन्य विशेष अवसरों पर डिलीवरी की तारीख पहले से तय कराने का चलन बढ़ रहा है। कई गर्भवती महिलाएं डॉक्टरों से अनुरोध कर रही हैं कि यदि सी-सेक्शन की जरूरत हो तो उसे किसी विशेष दिन पर किया जाए। मेरठ में गाइनकोलॉजिस्ट एवं इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. तनवी पुरी मलिक के अनुसार, पिछले कुछ समय से उनके पास भी ऐसे केस की संख्या बढ़ती जा रही है , जिनमें गर्भवती महिलाएं विशेष तारीख पर बच्चे की डिलीवरी कराने की इच्छा जताती हैं। कुछ मरीज को बच्चे का जन्म चाहते हैं तो कुछ जन्माष्टमी, रक्षाबंधन जैसे धार्मिक अवसर को इसके लिए चुन रहे हैं।डॉ. तनवी पुरी मलिक ने बताया कि कई मरीज अपनी डिलीवरी की संभावित तारीख के आसपास पहले से ही कोई खास दिन चुन लेते हैं।उनका कहना है



कि अगर मरीज की स्थिति ऐसी है कि सी-सेक्शन चिकित्सकीय रूप से जरूरी है, तो निर्धारित तारीख पर ऑपरेशन किया जा सकता है।लेकिन केवल किसी खास तारीख के लिए सामान्य डिलीवरी को सी-सेक्शन में बदलना उचित नहीं है।

### 37 से 40 सप्ताह तक का समय महत्वपूर्ण

डॉक्टर के मुताबिक गर्भावस्था में 37 सप्ताह के बाद डिलीवरी किसी भी समय हो सकती है, जबकि सामान्य तौर पर 40 सप्ताह को गर्भावस्था की आदर्श अवधि माना जाता है। ऐसे में मरीजों को संभावित डिलीवरी की अवधि समझाई जाती है। इसके बावजूद कुछ महिलाएं अपनी पसंद की तारीख चुनने का आग्रह करती हैं।

### सामान्य डिलीवरी संभव हो तो सी-सेक्शन से बचें

डॉक्टर का कहना है कि यदि गर्भवती महिला की सामान्य डिलीवरी संभव है और मां-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं, तो केवल तारीख की पसंद के कारण सी-सेक्शन कराने से बचना चाहिए।सी-सेक्शन एक बड़ी सर्जरी है और इसे चिकित्सकीय आवश्यकता होने पर ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए।उन्होंने कहा कि जिन मरीजों में सी-सेक्शन की स्पष्ट जरूरत है, वे अपनी सुविधानुसार तारीख को लेकर डॉक्टर से चर्चा कर सकते हैं।लेकिन सामान्य डिलीवरी की संभावना होने पर केवल किसी विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए ऑपरेशन कराने की सलाह नहीं दी जाती ।डॉ. तनवी पुरी मलिक ने कहा कि विशेष तारीख पर बच्चे के जन्म की इच्छा स्वाभाविक है, लेकिन डिलीवरी की तारीख तय करने में सबसे महत्वपूर्ण बात मां और बच्चे की सुरक्षा होनी चाहिए। उन्होंने मरीजों से अपील की कि किसी तारीख को यादगार बनाने के बजाय सुरक्षित प्रसव को प्राथमिकता दें।

# डिलीवरी बॉय से मारपीट, घर में बंद किया

**गंगा हाइट्स बिल्डिंग का मामला, डिलीवरी करने वालों ने काम बंद किया**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,ऑर्डर में देरी होने पर डिलीवरी बॉय को पीटने का मामला सामने आया है। वीडियो में एक डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट की गई और उसे घर में बंद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, डिलीवरी बॉय एक ऑर्डर पहुंचाने गंगा हाइट्स बिल्डिंग गया था। जिस युवक ने डिलीवरी मंगाई थी, उसने फोन पर डिलीवरी बॉय से कुछ देर इंतजार करने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई। नोकझोंक जल्द ही मारपीट में बदल गई।युवक ने डिलीवरी बॉय को थप्पड़ मारे और लात-घूंसों से भी पीटा। इसके बाद उसे अपने कमरे में बंद कर लिया।

### ऑर्डर लेट होने पर युवक ने पीटा, बोला- झूठे मुकदमे में फंसा दूंगा

डिलीवरी बॉय अमित यादव ने बताया- 5 मिनट की देरी के कारण डिलीवरी में लेट हुआ था।जब मैं वहां पहुंचा तो मेरे से पहले मारपीट की गई। उसके बाद वे लोग मुझे कमरे में ले गए। उन्होंने कहा- मेरी पत्नी घर में है और मारपीट और छेड़छाड़ समेत अन्य झूठे मुकदमे लिखवा दूंगा।डिलीवरी बॉय ने कहा- पीटने वाला खुद को कउकउक बैंक का मैनेजर खुद को बता रहा था।

मारपीट की घटना के बाद डिलीवरी कर्मचारियों ने काम बंद किया डिलीवरी कर्मचारियों का कहना है कि जब तक आरोपी पर कार्रवाई नहीं होगी जब तक सभी कर्मचारी अपनी आईडी बंद रखेंगे ।वही थाना अध्यक्ष भावनपुर जोगिंदर का कहना है पीड़ित अमित यादव की तहरीर के आधार पर मेडिकल कराकर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# एक्स मुस्लिम सलीम वास्तिक तिहाड़ जेल लौटा

## पैरोल नहीं बढ़ने पर कांवड़ यात्रा बीच में ही छोड़ी थी, बच्चे की हत्या में हुई है उम्रकैद

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , अपहरण और हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा सलीम वास्तिक पैरोल खत्म होने के बाद तिहाड़ जेल लौट गया है। वह करीब 5 दिन पहले जेल पहुंचा।पैरोल के दौरान सलीम हरिद्वार गया था। वहां उसके हवन में बैठने का वीडियो भी सामने आया था।डासना मंदिर के प्रमुख यति नरसिंहानंद के मुताबिक, सलीम हरिद्वार गया था, लेकिन उसने खुद जल नहीं चढ़ाया।उसने अपना जल दूसरी महिलाओं को दिया था।पैरोल की अवधि पूरी होने के बाद उसे जेल लौटना पड़ा ।9 जून को तिहाड़ से बाहर आया था सलीम 9 जून की देर शाम तिहाड़ जेल से पैरोल पर बाहर आया था। दो दिन बाद वह गाजियाबाद के डासना मंदिर पहुंचा।मंदिर के सुरक्षा प्रभारी अनिल यादव उसे लेकर आए थे।यति नरसिंहानंद ने उसका स्वागत किया था।सलीम ने उस समय दावा किया था कि अपहरण और हत्या के मामले में उसका नाम गलत तरीके से आया था।उसने कहा था कि जेल प्रशासन ने उसे पैरोल दी है।

### जेल से बाहर आकर वीडियो किए थे जारी

तिहाड़ से बाहर आने के बाद सलीम ने दो वीडियो जारी किए थे।एक वीडियो में उसने तिहाड़ जेल के बाहर खड़े होने की बात कही थी। दूसरे वीडियो में उसने कहा था कि वह मुसलमानों को पढ़ाई-लिखाई और तरक्की की ओर ले जाने के लिए काम करेगा।



फरवरी में हुआ था जानलेवा हमला

27 फरवरी 2026 को सलीम पर उसके कार्यालय में जानलेवा हमला हुआ था।पुलिस के मुताबिक, नकाबपोश हमलावरों ने चाकू से उस पर कई वार किए और गला रेतने की कोशिश की थी।उसके शरीर पर 14 चाकू के घाव मिले थे। गंभीर हालत में उसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब एक महीने तक उसका इलाज चला और दो ऑपरेशन हुए। पुलिस ने हमले के आरोप में गुलफाम और जीशान नाम के दो सगे भाइयों की पहचान की थी।पुलिस के मुताबिक, दोनों मुठभेड़ में मारे गए।

1997 में मिली थी उम्रकैद की सजा

सलीम पर 13 साल के बच्चे के अपहरण और हत्या का मामला था। पुलिस के मुताबिक, सलीम और उसके साथी अनिल ने बच्चे का अपहरण कर 30 हजार रुपए की फिरौती मांगी थी। बाद में बच्चे की हत्या कर दी गई।

# अब डिजिटल स्क्रीन पर दिखेगी 1857 की क्रांति गाथा

## 25 फीट चौड़ी स्क्रीन प्रस्तुति, 45 मिनट में दिखेगा मेरठ का ऐतिहासिक संघर्ष

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, सन 1857 की क्रांति की चिंगारी से लेकर देश की आजादी के संघर्ष तक मेरठ के योगदान की पूरी गाथा अब सिर्फ चित्रों और अभिलेखों तक सीमित नहीं रहेगी। राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय में जल्द ही डिजिटल गैलरी के जरिए क्रांति की कहानी जीवंत होती दिखाई देगी ।करीब 25 फुट चौड़ी स्क्रीन पर 45 मिनट की डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी। जबरदस्त साउंड इफेक्ट और ऑडियो-वीजुअल तकनीक के जरिए दर्शकों को ऐसा अनुभव कराने की तैयारी है, जिससे वे 1857 के संघर्ष को इतिहास की किताबों के बजाय अपनी आंखों के सामने घटित होते महसूस कर सकें। डिजिटल गैलरी तैयार करने की पहल उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने की है। यूपीपीसीएल को संग्रहालय को डिजिटल स्वरूप देने की जिम्मेदारी दी गई है।करीब एक माह के भीतर स्क्रीन और पूरी डिजिटल व्यवस्था तैयार होने की उम्मीद है। इसके बाद संग्रहालय



आने वाले पर्यटकों और युवा पीढ़ी को मेरठ से शुरू हुई क्रांति और देशभर में फैले स्वतंत्रता संग्राम की विस्तृत जानकारी नए अंदाज में मिल सकेगी।

### चित्रों से अब ऑडियो-विजुअल तक का सफर

राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय में अभी तक 1857 की क्रांति और स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं को चित्रों, अभिलेखों और शोकेस के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। संग्रहालय का उद्देश्य ही देश की गौरवपूर्ण घटनाओं को स्मरण करने के साथ भावी पीढ़ी और पर्यटकों को समृद्ध विरासत से परिचित कराना है। अब इसी इतिहास को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की तैयारी है। डिजिटल गैलरी में मेरठ से शुरू हुए विद्रोह, सैनिकों के विद्रोह, स्थानीय लोगों की भागीदारी, जेलों पर हमले और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में फैली ग्रामीण क्रांति से लेकर दिल्ली, झांसी, ग्वालियर, बुंदेलखंड, बिहार, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश तक के संघर्ष को शामिल किया जाएगा।

### 1995 में तय हुआ था संग्रहालय बनाने का फैसला

राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय की नींव आजादी के संघर्ष की स्मृतियों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रखी गई थी।तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 1995 में संग्रहालय निर्माण का निर्णय लिया। वर्ष 1997 में टास्कफोर्स की संस्तुति के बाद उत्तर प्रदेश संग्रहालय निदेशालय ने निर्माण कार्य शुरू कराया।करीब एक दशक की प्रक्रिया के बाद 10 मई, 2007 को संग्रहालय का औपचारिक लोकार्पण हुआ। संग्रहालय में यह दिखाया गया है कि किस तरह मेरठ से क्रांति की शुरूआत हुई और देशभर में अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ संघर्ष फैलता चला गया। 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारतीय इतिहास की ऐसी गौरवशाली गाथा है, जिसने आगे चलकर भारत की स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया।

# विधायक धीरेंद्र सिंह ने जताई नाराजगी

## जेवर-हामिदपुर मार्ग 8 दिन में दुरुस्त न होने पर कार्रवाई की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



जेवर , जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने दोपहर 1 बजे जेवर-हामिदपुर मार्ग की बदहाल स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मार्ग को अगले आठ दिनों के भीतर हर हाल में दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी दूर हो सके। विधायक ने सड़क का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समयसीमा में सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो ठेकेदार और संबंधित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न करने की बात दोहराई। विधायक की नाराजगी और अधिकारियों को दी गई चेतावनी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है।

# नाइजीरियाई नागरिक को जेल भेजा

## जेवर की सोसाइटी में 3 साल से अवैध रूप से रह रहा, दनकौर पुलिस ने पकड़ा था

अमन लेखनी समाचार

जेवर ,ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित एक सोसायटी से दनकौर पुलिस ने नाइजीरियाई मूल के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का वीजा करीब तीन साल पहले खत्म हो चुका था, इसके बावजूद वह सोसायटी में रह रहा था। पुलिस ने दोपहर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी डेस्टिनी का वीजा 1 सितंबर 2023 को समाप्त हो गया था।इसके बाद भी वह सेक्टर-22डी स्थित सोसायटी में रह रहा था। रात करीब 12 बजे सूचना मिलने पर पुलिस टीम सोसायटी पहुंची। बाहर टहल रहे डेस्टिनी को रोककर पासपोर्ट और वीजा की जांच की गई। वीजा अवधि समाप्त मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। विदेशी नागरिकों के सत्यापन की मांग कर रहे थे निवासी सोसायटी के निवासी पिछले कई महीनों से यहां रह रहे विदेशी नागरिकों के सत्यापन की मांग कर रहे थे। उनका आरोप था कि कुछ विदेशी नागरिक वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी सोसायटी में रह रहे हैं। हाल ही




में सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें एक विदेशी नागरिक पुलिस की जांच से बचने के लिए आठवीं मंजिल से नीचे उतरता दिखाई दिया था। इसके बाद पुलिस ने विदेशी नागरिकों के सत्यापन की कार्रवाई तेज कर दी।

### विदेशी नागरिक को कोर्ट में पेश किया

दनकौर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार विदेशी नागरिक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पिता की हत्या करके बेटा मेट्रो के आगे कूदा, मौत

## उम्र-16 साल, रोक-टोक से नाराज था; नोएडा में मां अलग रहती थी

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , नोएडा में 16 साल के लड़के ने सोते समय पिता की हत्या कर दी। फिर मेट्रो के आगे कूदकर जान दे दी। वारदात के बाद उसने खून से सने कपड़े बदलकर साफ कपड़े पहने। कमरे में पिता की फोटो लगाई। माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। कमरे में ताला लगाया और पिता का मोबाइल और बैग लेकर मेट्रो स्टेशन पहुंचा। कुछ देर स्टेशन पर घूमने के बाद ट्रेन के आगे छलांग लगा दी पुलिस को लड़के के बैग से पिता का मोबाइल और कमरे की चाबी मिली। पुलिस ने उसकी मां को फोन कर बुलाया। चाचा भी मौके पर साथ पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि नाबालिग पिता के साथ रहता था।




पिता भी लापता हैं इसके बाद पुलिस गुरुवार रात मां और चाचा को लेकर लड़के के कमरे पर पहुंची। चाबी से दरवाजा खोला तो अंदर 45 साल के पिता राजू शर्मा की लाश मिली। शुरूआती जांच में पता चला कि पिता ने बेटे के बाहर आने-जाने पर पाबंदी लगा रखी थी। 11वीं के बाद पढ़ाई भी छुड़ा दी थी। इससे वह परेशान रहता था। माना जा रहा है कि इसी वजह से उसने 12 अगस्त को तड़के वारदात को अंजाम दिया। उसी दिन सुबह 7 बजे जाकर सुसाइड कर लिया।

## ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार



गांधी धाम। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी धाम स्थित विद्यालय में समृद्धि जन कल्याण संस्थान द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई और उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता एवं गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया। ध्वजारोहण के बाद गांधी धाम गांव में बच्चों एवं ग्रामीणों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर बच्चों ने पूरे गांव में देशभक्ति के जयघोष लगाए। इस दौरान प्रदीप भगत ने सुंदर देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के अध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा कि बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए संस्थान लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही विद्यालय के बच्चों को स्कूल ड्रेस एवं कॉपियों का वितरण किया जाएगा, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो। संस्थान के उपाध्यक्ष जावेद अहमद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ देश और समाज के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजू वैश्य, महावीर सिंह गोंड, देव कुमार, अखिलेश कुमार, राजू कुमार, अभिनव राजपूत, रूपेश कुमार, जय सिंह सहित संस्थान के सदस्य, अभिभावक, बच्चे एवं गांधी धाम के ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों और ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे गांव में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से देशभक्ति का माहौल बना रहा।

## शक्तिनगर साइबर टीम की त्वरित कार्रवाई से फ्रॉड की गई 3,300/- की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शक्तिनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना शक्तिनगर क्षेत्रान्तर्गत आवेदक वेद प्रकाश सिंह, निवासी एनसीएल खड़िया, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड कर 3,300/- की धनराशि ट्रांसफर करा ली गई थी। प्रकरण की सूचना प्राप्त होते ही थाना शक्तिनगर साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार कर फ्रॉड की गई धनराशि को होल्ड कराया गया। पुलिस टीम द्वारा टफट पोर्टल के माध्यम से प्रभावी पैरवी करते हुए फ्रॉड की गई 3,300/- की धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस




करा दी गई। धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तथा साइबर क्राइम पुलिस थाना शक्तिनगर के अधिकारी/कर्मचारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा एवं आभार व्यक्त किया गया।

## राजस्थानी रंग में सजा मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब का स्वतंत्रता दिवस एवं हरियाली तीज समारोह

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब द्वारा हरियाली तीज एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजस्थानी थीम पर होटल हवाना में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक राजस्थानी परिधानों में सज-धजकर हिस्सा लिया। रंग-बिरंगे परिधानों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं ने समारोह में विशेष आकर्षण जोड़ा। कार्यक्रम में दीप्ति सोनी तीज क्वीन चुनी गईं। ज्योत्सना तीज क्वीन प्रथम उपविजेता तथा शिप्रा तीज क्वीन द्वितीय उपविजेता रहीं। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ साड़ी का पुरस्कार अंकिता अग्रवाल, सर्वश्रेष्ठ लहंगा प्रेरणा सहवानी, सर्वश्रेष्ठ नाखून सज्जा श्वेता जैन, सर्वश्रेष्ठ परिधान सामंजस्य प्रियांशी, सर्वश्रेष्ठ परिचय प्रीति बाजपेई, सर्वश्रेष्ठ श्रृंगार मायरा, सर्वश्रेष्ठ केश सज्जा ज्योत्स्ना शर्मा तथा सर्वश्रेष्ठ मंच चाल का पुरस्कार सरिता मित्तल को प्रदान किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. नीति शास्त्री (राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित) रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि भूमिका सिंह (पूर्व मिसेज इंडिया) एवं ईशा अरोरा, ईशा सैलून की संचालिका रहीं। कार्यक्रम में क्लब की संस्थापक अध्यक्ष सपना सरावगी, अध्यक्ष ओमनी राय, कोषाध्यक्ष तमन्ना राय, सचिव संयुक्ता शर्मा तथा कार्यक्रम निदेशक प्रियंका नाचोला एवं दर्शना सोनी सहित वरिष्ठ एवं अन्य सदस्यों की सहभागिता रही। क्लब की वरिष्ठ सदस्य अंजलि अग्रवाल एवं सोनिया सिंह के साथ श्रुति बंसल, कविता पांडे, राखी मिश्रा, नम्रता गुप्ता, संचिता अग्रवाल, हिना करनानी, रूपम शर्मा, अंकिता अग्रवाल, रश्मि श्रीवास्तव, प्रियांशी साहू, शालिनी प्रधाकर, तनु अग्रवाल, स्वाति गुप्ता, प्रेरणा सहवानी, प्रीति बाजपेई, श्वेता जैन, शिवानी अग्रवाल, कनन साहवानी, मायरा, नीलम अर्जरिया, दिव्यांशी, हर्षिनी अवस्थी, काम्या राठौर, वंदना अरजरिया एवं शिप्रा गुप्ता समेत क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। समारोह में हरियाली तीज की पारंपरिक उमंग और स्वतंत्रता दिवस की देशभक्ति भावना का सुंदर संगम देखने को मिला। राजस्थानी परिधान और संस्कृति पर आधारित आयोजन ने कार्यक्रम को विशेष रूप से आकर्षक बनाया। सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समारोह को यादगार बना दिया।

## हीरानगर बस स्टैंड के पास सड़क धंसी, राहगीरों को परेशानी



अमन लेखनी समाचार

ककरवई।गरौठा तहसील क्षेत्र अंतर्गत गरौठा-ककरवई मार्ग पर हीरानगर बस स्टैंड के पास सड़क के बीचों-बीच गहरा कटाव हो जाने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क धंसने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है और बाइक सवारों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार हर घर जल योजना के तहत गांव की ओर पाइपलाइन डालने के लिए संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क की खुदाई की गई थी। पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की उचित मरम्मत नहीं कराए जाने के कारण धीरे-धीरे सड़क धंसकर गहरे कटाव में तब्दील हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन बाइक सवार इस कटाव में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

## अनपरा पुलिस ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय से जारी गिरफ्तारी अधिपत्र से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना अनपरा पुलिस द्वारा दिनांक 16.08.2026 को माननीय न्यायालय ए.एस.जे./एफ.टी.सी./सी.ए.डब्लू., सोनभद्र द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र मु0नं0 57/18, राज्य बनाम कृपाशंकर, धारा 376, 450, 504, 506 भादवि, थाना अनपरा तथा माननीय न्यायालय ए.सी.जे.जे.डी./जे.एम., दुद्धी, सोनभद्र द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र मु0नं0 1190/09, राज्य बनाम दिनेश द्विवेदी, धारा 3/25 ए. एक्ट, थाना अनपरा से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## गैर इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त को थाना म्योरपुर पुलिस ने 10 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल नेतृत्व में थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को अभियोग पंजीकृत होने के मात्र 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया।दिनांक 15.08.2026 को थाना म्योरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-98/2026, धारा 105 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त संतलाल पुत्र स्व0 मेहीलाल गोड़, निवासी ग्राम करहिया, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 40 वर्ष को थाना म्योरपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.08.2026 को समय 08:22 बजे प्रातः उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## रोहिन नदी में नहाना पड़ा भारी, दो युवकों की डूबने से मौत



अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के परसामलिक थाना क्षेत्र के बनैलिया माता रोहिन बैराज के गेट संख्या-3 के पास रविवार शाम रोहिन नदी में नहाते समय दो युवकों की डूबने से मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी प्रयास के बाद दोनों के शव नदी से बाहर निकाले गए। पुलिस के अनुसार, रविवार शाम करीब 4:30 बजे मिश्रौलिया बाजार के स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि बैराज के पास नदी में नहाते समय दो युवक डूब गए हैं। सूचना मिलते ही परसामलिक थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। गोताखोरों ने नदी में तलाश शुरू की और दोनों युवकों के शव बरामद कर लिए। मृतकों की पहचान प्रिंस वर्मा (20) पुत्र विनय वर्मा, निवासी महुअवा, थाना सोनौली और मोनू साहनी (14) पुत्र पवन साहनी के रूप में हुई है। हादसे की खबर मिलते ही दोनों के परिजन मौके पर पहुंच गए और शवों की पहचान की। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्राधिकारी नौतनवा और नौतनवा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है।

## गरौठा पुलिस की जुआरियों पर बड़ी कार्रवाई

### सिमरधा में जुआ खेलते दो आरोपी गिरफ्तार, तीन भागने में सफल

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। कोतवाली गरौठा पुलिस ने ग्राम सिमरधा में जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से जुआ की मालफड़ से ?12,700, जामा तलाशी से ?2,100, 52 ताश के पत्ते तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस के अनुसार कार्रवाई मुकदमा संख्या 115/26, धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरि सिंह पुत्र अमरचंद राजपूत और श्रवण पुत्र महेश कुमार राजपूत, निवासी ग्राम सिमरधा, के रूप में हुई है। कार्रवाई के दौरान ग्राम सिमरधा निवासी तीन अन्य जुआरी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। कार्रवाई करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह, सब इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र सिंह, कांस्टेबल रामविलास तथा कांस्टेबल अंकित अवस्थी शामिल रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में भोजन की गुणवत्ता पर उठे सवाल

### थालियां छोड़कर खड़े हुए छात्र; अभिभावकों ने जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज। जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कक्षा नौ के एक छात्र की थाली में परोसी गई दाल में मरा हुआ मेंढक दिखाई दिया। मेंढक देखते ही छात्र घबरा गया और उसने आसपास बैठे छात्रों को इसकी जानकारी दी। कुछ ही देर में कई छात्रों ने अपनी थालियां छोड़ दीं और भोजन की गुणवत्ता व साफ-सफाई को लेकर नाराजगी जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। विद्यालय में कक्षा छह से 12 तक करीब 570 छात्र-छात्राएं आवासीय रूप से अध्ययनरत हैं। बच्चों के लिए भोजन विद्यालय परिसर में ही तैयार किया जाता है। बताया गया कि रविवार सुबह करीब नौ बजे नाश्ते के बाद छात्रों को दाल, चावल और सब्जी परोसी जा रही थी। इसी दौरान कक्षा नौ के एक छात्र की थाली में दाल के अंदर मरा हुआ मेंढक नजर आया।

### मेंढक दिखते ही छात्रों ने छोड़ी थालियां

छात्र ने जैसे ही दाल में मेंढक देखा, वह घबरा गया और शोर मचा दिया। आसपास बैठे छात्रों ने भी अपनी-अपनी थालियां देखनी शुरू कर दीं। देखते ही देखते छात्रों में आक्रोश फैल गया और कई बच्चों ने भोजन करने से इनकार कर दिया। छात्रों ने भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

### वाइस प्रिंसिपल ने पहुंचकर संभाला मामला

हंगामे की सूचना मिलने पर विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल दीपक कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों से पूरे मामले की जानकारी ली और उन्हें समझाकर शांत कराया। विद्यालय प्रशासन की ओर से बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच कराई गई। वाइस प्रिंसिपल दीपक कुमार ने बताया कि बच्चों के लिए दाल, चावल और सब्जी तैयार की गई थी। एक छात्र की थाली में मेंढक मिलने की शिकायत सामने आई है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में यदि किसी की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उनके अनुसार फिलहाल सभी बच्चे स्वस्थ हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना अनपरा का अर्दली रूम कर प्रचलित विवेचनाओं की गहन समीक्षा

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आज दिनांक 16.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार द्वारा थाना अनपरा का अर्दली रूम किया गया। अर्दली रूम के दौरान थाना अनपरा पर प्रचलित विभिन्न महत्वपूर्ण विवेचनाओं, लंबित प्रकरणों, न्यायालय संबंधी कार्यों एवं अन्य थाना संबंधी अभिलेखों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचकों से प्रकरणवार जानकारी प्राप्त करते हुए विवेचनाओं की वर्तमान प्रगति, साक्ष्य संकलन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लंबित वैधानिक कार्यवाहियों तथा विवेचना की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक विवेचना का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा उपलब्ध भौतिक, तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का गहन परीक्षण करते हुए प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी, न्यायालय संबंधी कार्यों के समयबद्ध निष्पादन, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं विवेचना संबंधी समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

## 80वें स्वतंत्रता दिवस पर नगर में हर्षोल्लास के साथ हुआ ध्वजारोहण, अमर शहीदों को किया नमन

अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र। 80वां स्वतंत्रता दिवस नगर सहित पूरे अंचल में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर आन-बान-शान के साथ तिरंगा फहराया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर नमन किया गया। स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय परिसर में चेयरमैन उस्मान अली ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें केवल अपने अधिकारों की याद नहीं दिलाता, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध भी कराता है। हमें अमर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए देश की एकता, अखंडता एवं विकास के लिए कार्य करने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद, राजनरायन निषाद, नागेश्वर गौड़, अमित सिंह, डॉ. विजय साहनी, सतेन्द्र सिंह, विकास चौबे, सभासद दिव्य विकास सिंह, राजन जायसवाल, धनश्याम चौधरी,सलीम कुरैशी, रामपरीखा विश्वकर्मा, सुशील साहनी, नागेंद्र यादव, अनिकेत रावत, नरेश यादव, विनीत जाटव, अनीता बिंद, सोनी मोदनवाल, डिंपल जायसवाल, जितू सिंह, रामनरेश चौधरी, अभिषेक दुबे, अंकित पांडेय सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिव्य विकास सिंह ने किया। इसी क्रम में विकास खंड कार्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख लीला देवी गोड़ ने ध्वजारोहण किया। थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता, गुरुद्वारा इंटर कॉलेज में सरदार सुलख्खन सिंह एवं सरदार सतनाम सिंह, बकरिदिया इस्लामिया स्कूल में अंजुमन सेक्रेटरी महफूज आरिफ, पंचायत भवन में ग्राम प्रधान दुर्गेश यादव तथा आर्य समाज स्कूल में प्रधान प्रकाश दास ने ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। गुरुद्वारा इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद विद्यालय परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं 2025-26 में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को सरकार मक्खन सिंह गिल अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। आर्य समाज स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं संदेशपरक झांकियां प्रस्तुत की गईं। आदर्श महाविद्यालय में प्रबंधक रिजवान अहमद ने ध्वजारोहण कर छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की प्रगति, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। पूरे नगर में दिनभर देशभक्ति का माहौल बना रहा और जगह-जगह भारत माता के जयकारों तथा राष्ट्रगान से वातावरण गूंजता रहा।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान की ओर सशक्त पहल

### महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

## गरौठा में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 29 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। माह के तीसरे शनिवार को स्वतंत्रता दिवस का अवकाश होने के कारण सोमवार को तहसील सभागार गरौठा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) झांसी शिवप्रताप शुक्ला ने की। समाधान दिवस में राजस्व विभाग से 12, पुलिस विभाग से 7, विद्युत विभाग से 3 तथा अन्य विभागों से संबंधित 7 प्रार्थना पत्रों सहित कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से एक प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपते हुए शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार अमृतलाल सहित पुलिस, स्वास्थ्य, वन, आपूर्ति एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## कांबली की जिंदगी पर बनेगी वेब सीरीज सात साल से लिखी जा रही स्क्रिप्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि उनकी जिंदगी पर वेब सीरीज बन रही है। निर्देशक अभिजीत देशपांडे यह सीरीज बना रहे हैं। सीरीज का नाम 'कांबली' है। यह जी5 पर रिलीज हो सकती है। सीरीज के निर्माता रवि भागचंदका हैं। अभिजीत देशपांडे ने बताया 'कांबली' की कहानी लिखने का काम 2019 में शुरू किया था। उनके मुताबिक, शुरुआत में कांबली की जिंदगी पर मराठी फीचर फिल्म बनाने का विचार था। फिर जब उन्होंने कांबली की जिंदगी को समझा तो पाया कि यह कहानी एक फिल्म के लिए बड़ी है। निर्देशक के मुताबिक कांबली की जिंदगी एक फिल्म में नहीं सिमटेगी।

लाइफ Style



# सोनम

## पंजाबी फिल्मों से शुरू हुआ फिल्मी सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनम बाजवा आज पंजाबी और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-पहचानी अभिनेत्रियों में शामिल हैं। अपनी खूबसूरती, शानदार अभिनय और बेहतरीन डांस मूव्स के दम पर उन्होंने लाखों फैंस के बीच खास पहचान बनाई है। हालांकि, फिल्मी दुनिया तक पहुंचने का उनका सफर आसान नहीं रहा।

अभिनय में कदम रखने से पहले सोनम एयर होस्टेस के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। सोनम प्रीत कौर बाजवा का जन्म 16 अगस्त 1989 को उत्तराखंड के रुद्रपुर में हुआ था। उन्होंने शुरुआती पढ़ाई जेसी पब्लिक स्कूल से की और इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन पूरा किया। सोनम को बचपन से ही एक्टिंग और ग्लैमर की दुनिया में दिलचस्पी थी। इसी सपने को पूरा करने के लिए वह मुंबई पहुंचीं और साल 2012 में फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अभिनय की दुनिया में आने से पहले उन्होंने कुछ समय तक एयर होस्टेस के रूप में काम किया। हालांकि, जल्द ही उन्होंने यह नौकरी छोड़कर मॉडलिंग और फिल्मों की ओर रुख कर लिया। सोनम बाजवा ने साल 2013 में पंजाबी फिल्म 'बेस्ट ऑफ लक' से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने पंजाब 1984, सरदार जी 2, निक्का जैलदार, मंजे बिस्तरे, गुड्डियां पटोले और 'कैरी ऑन जट्टा' जैसी फिल्मों में काम किया। इन फिल्मों के जरिए उन्होंने पंजाबी सिनेमा में अपनी मजबूत जगह बनाई। पंजाब 1984 जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों ने पसंद किया।

हॉलीवुड मसाला




## डॉक्टर डूम से टकराएंगे एवेंजर्स

**नई दिल्ली।** मार्वल स्टूडियोज ने एवेंजर्स का दूसरा ट्रेलर रिलीज कर दिया है। दो मिनट की इस क्लिप को डूम्सडे के मुख्य कलाकार रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस (कैप्टन अमेरिका) और हेले एटवेल (पेगी कार्टर) ने पेश किया है। इसमें वेनेसा किर्बी का किरदार सू स्टॉर्म, पृथ्वी के सबसे ताकतवर सुपरहीरो को लैटवेरियन विलेन से होने वाले खतरे के बारे में चेतावनी देती हुई दिखती हैं, और साथ ही बीच-बीच में डूम की कॉस्ट्यूम पर भी फोकस किया गया है।



## सीरीज विजन क्वेस्ट का मेकर्स ने जारी किया ट्रेलर

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'विजन क्वेस्टका ट्रेलर मेकर्स ने जारी कर दिया गया है। इस सीरीज में पॉल बेटनी की विजन के रूप में फिर से वापसी हो रही है। इस बार विजन अपनी यादों और असलियत के बीच सफर करता नजर आने वाला है। विजन क्वेस्ट अपनी पॉपुलर सीरीज वांडा विजन के आगे की कहानी दिखाएगा। इस सीरीज में विजन वांडा में हुई घटनाओं के असर और उस से उबरने की कोशिश करेगा। ट्रेलर के अनुसार विजन एक साधारण जिंदगी जीने लगता है। मगर फिर उसके मन में कई सवाल बाकी हैं। इसके बाद वह अपनी काल्पनिक दुनिया में अपने बेटे की खोज में निकलेगा। इस दुनिया में उसका सामना कई अच्छे बुरे लोगों से होगा। सीरीज 'विजनक्वेस्ट' में पॉल बेटनी और जेम्स स्पेडर मुख्य भूमिकाओं में हैं।




## मिर्जापुर-द मूवी के गाने का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** रविवार को मिर्जापुरः द मूवी के मेकर्स ने इसके पहले गाने वारुं फॉरएवर का पोस्टर रिलीज किया है। यह गाना 2020 में रिलीज हुई मिर्जापुर सीरीज का अहम हिस्सा था। अब फैंस के लिए बड़े पर्दे पर मिर्जापुर को फिल्म के रूप में देखना एक खास अनुभव हो सकता है। मिर्जापुरः द मूवी के गाने वारुं फॉरएवर को सिंगर रोमी और श्रेया घोषाल ने मिलकर गाया है। इस वर्जन को भी आनंद भास्कर ने कंपोज किया है। वहीं, गिन्नी दीवान ने इस वर्जन के लिरिक्स लिखे हैं। मिर्जापुर सीरीज का यह पुराना गाना नए म्यूजिकल अंदाज में पेश किया जाएगा। गाना 18 अगस्त को रिलीज होगा। यह गाना 'मिर्जापुर' फ्रेंचाइजी के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले गानों में से एक है। साल 2020 में रिलीज हुआ यह सोलफुल ट्रैक सीरीज से पॉपुलर हुआ था।



## रणवीर ने शुरू की प्रलय की शूटिंग

**मुंबई।** फरहान अख्तर की 'डॉन 3' पर हुए तमाम विवादों को पीछे छोड़ते हुए रणवीर सिंह ने रविवार से अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में लीड रोल निभाने के साथ ही रणवीर इस फिल्म से बतौर निर्माता भी जुड़े हैं। धुरंधर और धुरंधर 2 की सफलता के बाद रणवीर सिंह का यह पहला प्रोजेक्ट है। इस फिल्म को लेकर अभिनेता के फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। प्रलय को रणवीर के कॅरियर का सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स बताया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हो चुकी है। इसे लाइव लोकेशन पर भी शूट किया जाएगा। रणवीर इस फिल्म में अभिनय करने के साथ ही इसका निर्माण भी कर रहे हैं। यह एक धमाकेदार एक्शन फिल्म होगी। रणबीर के लिए यह महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक है।

टीवी मसाला



## कौन बनेगा करोड़पति में पहुंचे दुनिया के सबसे छोटे डॉक्टर

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति का सीजन 18 हाल ही में शुरू हुआ है। इस शो के लेटेस्ट एपिसोड में दुनिया के सबसे छोटे डॉक्टर गणेश बरैया पहुंचे। उन्होंने अमिताभ बच्चन के सामने हॉटसीट पर बैठकर अपनी इमोशनल कर देने वाली कहानी सुनाई। अमिताभ बच्चन ने डॉक्टर की तारीफ भी की। गणेश बरैया ने अपनी पर्सनालिटी से अमिताभ बच्चन के शो पर लोगों का दिल जीता। गणेश बरैया गुजरात के गोरखी गांव से आते हैं। उनकी हाइट 3 फीट चार इंच है। द बेटर इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, गणेश को बौनेपन की समस्या थी और उन्हें चलने-फिरने से जुड़ी समस्या भी है, जिससे उनके शरीर का 72% हिस्सा प्रभावित है। इन सब चुनौतियों के बाद भी डॉक्टर गणेश ने 12वीं क्लास में 87 पर्सेंट प्राप्त किए थे। वहीं, नीट एग्जाम में गणेश की ऑल इंडिया रैंक 233 थी। हालांकि, शुरुआत में शारीरिक सीमाओं के चलते उन्हें एमबीबीएस कोर्स में दाखिला नहीं दिया गया था। इसके बाद गणेश ने कोर्ट में उन्हें एडमीशन नहीं मिल पाने के खिलाफ केस लड़ा। इस लड़ाई में गणेश के प्रधानाचार्य उनके साथ खड़े रहे। उन्हें कोर्ट में जीत हासिल हुई। इसके बाद ही गणेश अपना डॉक्टर बनने का सपना पूरा कर सके। आज गणेश भावनगर में एक अस्पताल के पीडियाट्रिक्स विभाग में काम करते हैं और उन्हें 'दुनिया के सबसे छोटे डॉक्टर' के तौर पर जाना जाता है। केबीसी 18 में गणेश ने अपने जीवन की एक इमोशनल कर देने वाली घटना का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि जब वो प्राइमरी स्कूल में थे, तो सर्कस के कुछ लोग उनके घर में आए थे। उन लोगों ने गणेश के पिता को गणेश को अपने साथ ले जाने के लिए पांच लाख रुपयों का ऑफर दिया था।

### खुद को सुंदर नहीं मानतीं फराह की बेटियां

**नई दिल्ली।** कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान हाल ही में आकांक्षा चौधरी के व्लॉग पर पहुंचीं। यहां हुई बातचीत में फराह ने अपनी बेटियों अन्या



और दीवा को लेकर एक किस्सा साझा किया। फराह ने बताया कि उनकी बेटियां खुद को खूबसूरत नहीं मानतीं। इसी दौरान आकांक्षा ने भी अपने संघर्षों पर बात की। इस बातचीत को फराह ने अपने व्लॉग में शेयर किया। इसमें वह अपनी बेटियों अन्या और दिवा की असुरक्षा पर बात कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बेटियां सबसे खूबसूरती की तारीफ पाने के बाद भी कभी-कभी खुद को खूबसूरत नहीं मानतीं। इन सब चीजों से उनके बच्चों के मन में एक असुरक्षा की भावना पैदा होती है। वहीं, इस दौरान आकांक्षा चौधरी ने भी अपने संघर्षों पर बात की। उन्होंने कहा कि फराह की बेटियों की तरह वह भी एक समय असुरक्षा की शिकार थी।

## सिनेमा की दुनिया में 51 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** साउथ से लेकर बॉलीवुड तक रजनीकांत का सिक्का चलता है। पांच दशकों से वे दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। बीते दिन यानी 15 अगस्त को सुपरस्टार के सिनेमाई सफर को 51 साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'धर्मन' के सेट पर जश्न मनाया। सुपरस्टार रजनीकांत की पहली या डेब्यू फिल्म अपूर्व रागंगल 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी। इस तमिल फिल्म का निर्देशन के. बालाचंदर ने किया था। फिल्म में कमल हासन मुख्य भूमिका में थे। रजनीकांत ने इस फिल्म में एक छोटा सा नेगेटिव रोल निभाया था। फिल्म की रिलीज को 51 साल पूरे हो चुके हैं और इसी के साथ रजनीकांत को भी मनोरंजन जगत में 51 साल हो गए। सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'धर्मन' को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिन सिनेमा जगत में 51 साल पूरे होने का जश्न भी उन्होंने इसी फिल्म के सेट पर मनाते हुए केक काटा। 'धर्मन' के डायरेक्टर अश्वथ मारिमुथु और फिल्म की कास्ट और क्रू की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सेलिब्रेशन का एक वीडियो भी सामने आया है। 'धर्मन' का जब से एलान हुआ है, तब से इसकी टैगलाइन 'द डेडली डॉक्टर' ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे इसकी कहानी को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। रजनीकांत की फिल्म'धर्मन' का निर्माण कमल हासन और आर. महेंद्रन कर रहे हैं। फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी अनिरुद्ध रविचंदर के पास है। यह फिल्म रजनीकांत का 173वां प्रोजेक्ट है। इस फिल्म में सिमरन और राशी खन्ना भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिलहाल फिल्म का प्रोडक्शन चल रहा है।



## मोहब्बत का पैगाम है लता का ये सदाबहार गीत, खत से बना था आइकॉनिक गाना

**नई दिल्ली।** आज सोशल मीडिया का जमाना है। लोग एक मैसेज करके अपने प्यार का इजहार कर देते हैं लेकिन वो भी क्या दिन थे, जब खतों के जरिए हाल-ए-दिल बयां किया जाता था। पहले लोग फूल और खत से अपने प्यार का इकरार करते थे। इस पर एक गाना भी बना है जिसे लता मंगेशकर और मुकेश ने गाया था। 58 साल पहले बना ये गीत आज भी लोग अपनी महबूबा या फिर महबूब से प्यार का इजहार करने के लिए डेडीकेट करते हैं। इस गीत का हर बोल दिल छू लेता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह गीत वास्तव में एक खत से बना था।



***म्यूजिक डायरेक्टर को फैन ने भेजा था खत :*** दरअसल, म्यूजिक डायरेक्टर को एक बार एक फैन ने खत भेजा था। उस खत के अंदर एक फूल था और लिपस्टिक का निशान था। यह देखकर म्यूजिक डायरेक्टर हैरान भी हो गए और फिर उन्होंने मजाक में इसे गीतकार को दिखा दी। खत और फूल देखकर तुरंत गीतकार को आइडिया आया और उन्होंने तुरंत मोहब्बत के इस पैगाम पर एक गाना लिख दिया।

***लता-मुकेश की मधुर आवाज में बना अमर :*** जिस गीत की हम बात कर रहे हैं, वो है 'फूल तुम्हें भेजा है खत में'। इस गीत को बनाने के पीछे गीतकार इंदीवर का हाथ था। उन्होंने ही म्यूजिक डायरेक्टर कल्यान आनंदजी को मिले खत से गाने का मुखड़ा लिख दिया था। उस एक खत ने म्यूजिक इंडस्ट्री के इतिहास का सबसे आइकॉनिक रोमांटिक गाना दिया था। यह गाना लता मंगेशकर और मुकेश की सुपरहिट जोड़ी ने गाया था।

### फिल्म से ज्यादा गाने को मिली थी सराहना

लता और मुकेश का गीत 'फूल तुम्हें भेजा है खत में' 1968 में आए फिल्म सरस्वतीचंद्र का है। यह फिल्म उस साल की सबसे सफल और कल्ट फिल्म थी। इस फिल्म के गानों को खूब सराहना मिली थी। 'फूल तुम्हें भेजा है' सबसे ज्यादा पसंद किया गया था। इस गीत को नूतन और मनीष पर फिल्माया गया था। आज भी यह गाना बहुत पॉपुलर और आइकॉनिक बना हुआ है।

**हमारे तिरंगे की शान यूं ही बनी रहे, हर दिल में उम्मीद और हर आंख में एक बेहतर कल का सपना रहे**

## रेखा व पंकज ने मेलबर्न में लहराया तिरंगा, परिणीति ने जवानों संग किया ध्वजारोहण

***नई दिल्ली।*** *स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जहां पूरा देश मिलकर आजादी का जश्न मना रहा है, वहीं हमारे सेलेब्स भी पीछे नहीं हैं। ज्यादातर ने तो सोशल मीडिया पर बधाई दी है। पंकज त्रिपाठी और रेखा ने मेलबर्न में भारत का तिरंगा लहराया और देश को गर्व महसूस करवाया। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर, कंगना रनौत, अल्लू अर्जुन, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, काजोल और अन्य कई बॉलीवुड और साउथ इंडियन सेलिब्रिटीज ने सोशल मीडिया पर अपने फैन्स को दिल से बधाई दी और देश की भावना का जश्न मनाया। अक्षय कुमार ने एक्स पर एक मैसेज शेयर करते हुए लिखा, 'हमारे तिरंगे की शान यूं ही बनी रहे, हर दिल में उम्मीद और हर आंख में एक बेहतर कल का सपना रहे। आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिंद!' उन्होंने तिरंगे की शान बरकरार रहने, हर दिल में उम्मीद और बेहतर कल के सपनों की कामना की।*

### कंगना ने लहराया तिरंगा

कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह भारतीय झंडे के साथ नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद ने पोस्ट में 'भारत हमको जान से प्यारा है' गाने का इस्तेमाल किया।

### सुनील का दिल ऊंचा

सुनील शेट्टी ने भी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा, 'हर बार जब तिरंगा ऊपर जाता है, तो दिल किसी तरह थोड़ा ऊंचा हो जाता है। स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं... हमेशा गर्व महसूस होता है। हमेशा आभारी हूं। जय हिंद!'

### परिणीति ने किया ध्वजारोहण

परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने अपने घर पर ही सीआरपीएफ जवानों के साथ ध्वजारोहण किया। इसका वीडियो भी उन्होंने शेयर किया है।



### काजोल ने दी बधाई

काजोल ने सशस्त्र बलों का आभार जताया और देश की रक्षा करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा, 'आज की दुनिया को देखते हुए, मेरे मन में उन लोगों के प्रति आभार है जिन्होंने हमारे लिए 'हैप्पी इंडिपेंडेंस डे' कहना मुमकिन बनाया है।' उन्होंने नौसेना, वायु सेना और थल सेना के जवानों को सलाम किया और अपना संदेश जय हिंद के साथ खत्म किया।

### 'जन गण मन' गाया

वहीं, रेखा ने मेलबर्न में भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद उन्होंने और पंकज त्रिपाठी ने इस खास मौके पर राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाया। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न ने इंस्टाग्राम पर यह पल शेयर किया, जो भारत के राष्ट्रीय ध्वज और देश की भावना को सम्मान देने वाला था।

### *रेखा ने पंकज को सिखाई इंग्लिश*

*आईएफएफएम में शामिल होने से पहले, अनुभवी एक्ट्रेस और एक्टर ने एक मजेदार पल भी शेयर किया, जिसमें रेखा, पंकज त्रिपाठी के लिए इंग्लिश टीचर बनीं। आईएफएफएम के शेयर किए गए एक वीडियो में, रेखा ने पंकज से मेलबर्न के लोगों के लिए एक मैसेज देने के मकसद से उनके पीछे-पीछे एक इंग्लिश लाइन दोहराने को कहा। जब उन्होंने पंकज को सही किया और उनसे इंग्लिश में बोलने को कहा, तो पंकज ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, 'मैम, मैं हिंदी मीडियम का स्टूडेंट हूं, गलत बोल दूंगा।'*

### *इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न*

*इस फिल्म को 29वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में चार सम्मान मिले, जिनमें रेखा के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड भी शामिल है। इस अनुभवी एक्ट्रेस को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए फेस्टिवल में प्रतिष्ठित 'एक्सीलेंस इन सिनेमा अवॉर्ड' भी दिया जाएगा। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का समापन 23 अगस्त को होगा।*